50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र   पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79)   डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24   Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 8.8 °c   अधिकतम 26.8 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 94127-10840, 9368549219   संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा   रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:05, सूर्यास्त : 5:21   वर्ष : 50/ अंक : 343   बुधवार, 14 दिसम्बर 2022   पौष, कृष्ण पक्ष, षष्ठी,   सम्वत् 2079   मूल्य 3 रु.

आज की अमृतवाणी

आपकी हैसियत से ज्यादा, ईश्वर तभी देता है, जब आप उसके कार्यों में सहायता करते हैं।

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

अखिलेश ने मरम्मत के लिए जा रही निगम की बस की तस्वीर पर लिखा 'खटारा सरकार की खटारा बस' : लखनऊ




पृष्ठ-4 विपक्ष का काम है खामियाँ देखना.....

# याचिका के तोते में अटकी निकाय चुनाव लड़ाकों की सांसे

**▸▸ आरक्षण प्रक्रिया पर सुनवाई आज फिर से होगी ▸▸ सरकार के जवाब पर निर्भर होगा आगे का आदेश ▸▸ आरक्षण प्रक्रिया में दखल दिया तो टलेंगे चुनाव**

**मुजफ्फरनगर, 13 दिसंबर (बु.)।** एक ओर तो शासन से निकाय चुनाव की घड़ी टलने के संकेत मिल रहे हैं, दूसरी ओर हाईकोर्ट में चल रही मामले की सुनवाई ने भी चुनावी लड़ाकों की धकधक बढ़ा रखी है। ऐसी चर्चा है कि भाजपा सरकार निकाय चुनावों के लिए माहौल को अनुकूल नहीं मान रही है। हाल के उपचुनावों के बाद जीएसटी के छापों से पार्टी की हवा खराब हुई है। इसके चलते ऐसा अंदाजा लगाया जा रहा है कि जिस तेजी से चुनाव की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई थी, अब उसकी गति धीमी हो जाएगी। इस बीच हाईकोर्ट में आरक्षण के मामले की सुनवाई से भी चुनावों की तिथि को लेकर अनिश्चितता बन गई है।

नगर निकाय चुनावों के लिए तैयार बैठे दावेदारों को लखनऊ में चल रही हलचल ने परेशान कर रखा है। जितनी तेजी से चुनावों की प्रक्रिया चल रही थी,उससे अंदाजा लगाया जा रहा था कि 14 या 15 दिसंबर को चुनावों की अधिसूचना जारी हो सकती है। अब परिदृश्य कुछ बदला नजर आ रहा है। शासन द्वारा निकायों में प्रशासकों की नियुक्ति का जिम्मा जिलाधिकारियों को सौंपे जाने के अलावा हाईकोर्ट में चल रही मामले की सुनवाई से भी अनिश्चितता की स्थिति बन गई है। हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए चुनावों की अधिसूचना जारी करने पर आज तक के लिए रोक लगाई थी। लेकिन आज भी यह रोक एक दिन के लिए टल गई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने मंगलवार को प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी करने पर अब बुधवार तक रोक लगा दी है। साथ ही राज्य सरकार को भी आदेश दिया कि बुधवार तक बीते 5 दिसंबर को जारी अनंतिम आरक्षण की अधिसूचना के तहत अंतिम आदेश जारी न करे। कोर्ट ने अन्य पिछड़ा वर्ग




(ओबीसी) को उचित आरक्षण का लाभ दिए जाने व सीटों के रोटेशन के मुद्दों को लेकर दायर एक जनहित याचिका पर पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। पहले कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार से पूरी जानकारी भी मांगी थी। मंगलवार को सुनवाई के समय सरकार की तरफ से जवाब पेश करने को एक दिन का वक्त देने का आग्रह किया गया। जिसे कोर्ट ने प्रदान करते हुए पहले लगाई अंतरिम रोक को बुधवार तक बढ़ा दिया और अगली सुनवाई 14 दिसंबर यानि बुधवार को नियत की है। न्यायमूर्ति देवेन्द्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव की खंडपीठ ने यह आदेश रायबरेली निवासी समाजिक कार्यकर्ता वैभव पांडेय की जनहित याचिका पर दिया। इसमें स्थानीय निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग को उचित आरक्षण का लाभ दिए जाने व सीटों के रोटेशन के मुद्दे उठाए गए हैं। याची का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत जब तक राज्य सरकार तिहरे परीक्षण की औपचारिकता पूरी नहीं करती तब तक ओबीसी को कोई आरक्षण नहीं दिया जा सकता। राज्य सरकार ने ऐसा कोई परीक्षण नहीं किया, जो सुप्रीम कोर्ट की नजीर का पूरी तरह उल्लंघन है। यह भी दलील दी कि यह औपचारिकता पूरी किए बगैर सरकार ने गत 5 दिसंबर को अनंतिम आरक्षण की अधिसूचना जारी कर दी। इससे यह साफ है कि राज्य सरकार ओबीसी को आरक्षण देने जा रही है। साथ ही सीटों का रोटेशन भी नियमानुसार किए जाने की गुजारिश की गई है। याची के अधिवक्ता ने इन कमियों को दूर करने के बाद ही चुनाव की अधिसूचना जारी किए जाने का आग्रह किया। उधर, सरकारी वकील ने यह कहते हुए याचिका का विरोध किया था कि 5 दिसंबर की सरकार की अधिसूचना महज एक ड्राफ्ट आदेश है। जिस पर सरकार ने आपत्तियां मांगी हैं। ऐसे में इससे व्यथित याची व अन्य लोग इस पर अपनी आपत्तियां दाखिल कर सकते हैं। इस तरह अभी यह याचिका समय पूर्व दाखिल की गई है। हालांकि हाईकोर्ट ने सरकार की दलील ना मानते हुए 5 दिसंबर की अधिसूचना के तहत जारी आरक्षण की अनंतिम अधिसूचना पर अंतिम आदेश जारी करने पर अंतरिम रोक के आदेश दिए थे, जो अब बुधवार (आज) तक के लिए बढ़ाए गए हैं। ऐसे में अगर कल सरकार की ओर से आने वाले जवाब से हाईकोर्ट संतुष्ट नहीं होती है और पूरी आरक्षण प्रकिया पर कोई आदेश जारी किया जाता है तो चुनावों की प्रक्रिया फिर महीनों के लिए टल जाएगी।

## कार्यकाल समाप्त होते ही निकायों की कमान संभालेंगे प्रशासक

**लखनऊ, 13 दिसंबर (वार्ता)।** शासन द्वारा जारी आदेशों के बाद नगर निकायों में महापौर व अध्यक्षों का कार्यकाल खत्म होने की स्थिति में प्रशासकों की नियुक्ति को लेकर संशय समाप्त हो गया है। सरकार ने क्रमवार निकायों में प्रशासनिक व्यवस्था लागू करने के निर्देश दे दिए हैं। इस संबंध में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने सभी डीएम के लिए शासनादेश जारी कर दिए हैं। इसके मुताबिक जैसे-जैसे नगर निकायों में कार्यकाल खत्म होगा, उसी क्रम में नगर निकायों में प्रशासकीय व्यवस्था लागू होती जाएगी। यानि नगर निगमों में नगर आयुक्त और पालिका परिषद व नगर पंचायतों में अधिशासी अधिकारियों के पास सारा अधिकार आ जाएगा। हालांकि इस शासनादेश के बाद इस बात को लेकर भी कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या सरकार नगर निकायों के चुनाव लंबे समय तक टालने के मूड में है। इससे चुनावी दौड़ में गेट-सेट-गो के निशान पर खड़े उम्मीदवारों की धड़कनें बढ़ गई हैं।

बता दें कि उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम-1916 और उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम-1959 में निकायों के बोर्ड का कार्यकाल पांच साल के लिए निर्धारित है। 2017 में हुए निकाय चुनाव का परिणाम आने के बाद निकायों के बोर्ड का गठन 12 दिसंबर से लेकर 15 जनवरी के बीच हुआ था। इस लिहाज से महापौर और अध्यक्षों का कार्यकाल भी इसी अवधि उस तिथि को ही समाप्त होगी, जिस तिथि को बोर्ड की पहली बैठक हुई थी। इस लिहाज से 12 दिसंबर से ही निकायों का कार्यकाल समाप्त होना शुरू हो गया है, लेकिन शासन स्तर से कोई आदेश जारी नहीं होने की वजह से ऊहापोह की स्थिति बनी हुई थी। अब जब शासन के आदेश जारी करने के साथ ही निकायों में प्रशासकीय व्यवस्था लागू हो गई है। प्रमुख सचिव की ओर से जारीं शासनादेश में कहा गया है कि नगर निकायों का सामान्य निर्वाचन जनवरी 2023 के पहले और दूसरे सप्ताह में कराया जाना प्रस्तावित है। इसलिए नए बोर्ड के गठन के पूर्व जिन निकायों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है, वहां अंतरिम व्यवस्था प्रशासनिक अधिकार देकर सुनिश्चित कराई जाएगी।

शेष:पृष्ठ-4 पर

# 24 दिन का कार्यकाल बढ़ने से अंजू विरोधियों को बड़ा झटका

**▸ 12 दिसंबर तक कार्यकाल समझकर विरोधियों ने तैयार किया था पूरा प्लान**

**▸ अंजू अग्रवाल को रोकने के लिए विरोधी अब क्या करेंगे, यह है बड़ा सवाल?**

**▸ सरकारी खाते में करोड़ों होने के बावजूद कई माह से विकास को तरस रहा शहर**

**मुजफ्फरनगर, 13 दिसंबर (बु.)।** पालिकाध्यक्ष अंजू अग्रवाल का कार्यकाल 24 दिन और बढ़ने से उनकी घेराबंदी में जुटे विरोधी खेमे को बड़ा झटका लगा है। अब तक 12 दिसंबर को अंतिम दिन मानकर जो खेल रचा गया था, उसमें तो विरोधी कामयाब रहे, लेकिन अब अंजू को रोकने के लिए विरोधी क्या करेंगे, यह बड़ा सवाल है। भाजपा नेताओं के बीच चल रही इस उठापटक की सजा शहर के लोग भुगत रहे हैं। पालिका के खाते में करोड़ों होने के बाद भी शहर के लोग कई माह से विकास को तरस गये हैं। पालिकाध्यक्ष अंजू अग्रवाल अपनी सत्ता कैसे बरकरार रख पायेगी, यह देखना दिलचस्प रहेगा।

पालिकाध्यक्ष अंजू अग्रवाल को लेकर चल रही घेराबंदी में अब नया मोड़ आ गया है। दरअसल, 19 जुलाई को अंजू अग्रवाल के वित्तीय अधिकार शासन के द्वारा सीज कर दिये गये थे, जबकि शासन ने उनकी प्रशासनिक पॉवर को बरकरार रखा था। शासन के आदेश के खिलाफ अंजू अग्रवाल हाईकोर्ट पहुंची थी। उनकी याचिका पर 02 सितंबर को हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए शासन का आदेश खारिज कर दिया था। इसके साथ ही उनके खिलाफ मामलों में दो सप्ताह में सुनवाई करते हुए नया आदेश पारित करने का अधिकार भी शासन को दिया गया था। इसके बाद चली कार्यवाही के दौरान 10 अक्टूबर को शासन ने उनको पद से बर्खास्त कर दिया था। वो फिर हाईकोर्ट पहुंची और 24 नवंबर को हाईकोर्ट ने शासन का आदेश खारिज कर उनको बहाल कर दिया था।

हाईकोर्ट से राहत मिलने के बाद विरोधी खेमे ने एक बार फिर 12 दिसंबर को कार्यकाल की डेडलाइन मानकर पूरा प्लान तैयार किया था। पालिकाध्यक्ष अंजू अग्रवाल ने भी इसे ही अपने कार्यकाल का अंतिम दिन मानकर बोर्ड की बैठक बुलाई थी, लेकिन अधिशासी अधिकारी के बाहर होने के कारण एजेंडा जारी नहीं हो सका था। इस कारण बोर्ड की बैठक स्थगित हो गई थी, लेकिन पालिकाध्यक्ष अंजू अग्रवाल ने राज्यमंत्री कपिल देव के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए अपनी भड़ास निकाली थी। शासन से कार्यकाल बढ़ने का आदेश जारी होने के बाद पालिकाध्यक्ष अंजू अग्रवाल के खेमे में उत्साह की लहर दौड़ गई, क्योंकि अब उनके कार्यकाल के 24 दिन और बढ़ गये हैं। हालांकि जनवरी के पहले या दूसरे सप्ताह में निकाय चुनाव को प्रस्तावित माना जा रहा है। पालिकाध्यक्ष का कार्यकाल बढ़ने से अंजू अग्रवाल के विरोधियों को बड़ा झटका लगा है। अब सवाल यह है कि विरोधी अब कैसे पालिका में अंजू अग्रवाल के राज को आने वाले दिनों में टाल पायेंगे। अब तक तो अधिशासी अधिकारी मुकदमों की तारीख में बाहर होने की बात कहकर पालिकाध्यक्ष का सामना करने से बच रहे हैं। इसके साथ ही उनको भी शायद 12 दिसंबर के दिन का ही इंतजार था, लेकिन अब अंजू अग्रवाल का कार्यकाल बढ़ जाने के कारण पालिका में शीर्ष नेतृत्व की खींचतान में नया गुल खिलने की संभावना भी बन गई हैं, क्योंकि पालिकाध्यक्ष अंजू अग्रवाल ने जिस तरह राज्यमंत्री कपिल देव को निशाना बनाया है, उससे जाहिर है कि अंजू अपनी सत्ता बरकरार रखने के लिए कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगी। अंजू अग्रवाल को पालिकाध्यक्ष की कुर्सी से दूर करने के खेल ने शहर के विकास को पूरी तरह चौपट कर दिया है। पालिका के खाते में विकास की गंगा बहाने को करोड़ों रुपये जमा हैं, करीब पांच माह से खींचतान के चलते विकास का पहिया पूरी तरह थम सा गया है। पालिकाध्यक्ष को लेकर भाजपा के दो खेमों में चल रही खींचतान आगे क्या रंग लायेगी, यह देखना दिलचस्प रहेगा।

## जिले में बोर्ड की पहली मीटिंग से गिना जायेगा कार्यकाल

**मुजफ्फरनगर।** यूपी निकाय चुनाव की तैयारियों के बीच ही नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने आज निकायों में मौजूदा निर्वाचित बोर्ड के कार्यकाल को लेकर बनी असमंजस की स्थिति को साफ कर दिया है। शासनादेश के मुताबिक निकायों में पहली बोर्ड मीटिंग की तिथि से चेयरमैन के साथ ही निर्वाचित बोर्ड का कार्यकाल गिना जायेगा। ऐसे में जनपद में निकायों में जनवरी 2023 तक चेयरमैनों का कार्यकाल तय हो गया है। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने इस संबंध में 12 दिसंबर को शासनादेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि नगर निकायों में बोर्डों के कार्यकाल 12 दिसंबर 2022 से जनवरी 2023 विभिन्न तिथियों में समाप्त हो रहे हैं। प्रमुख सचिव ने आदेश में कहा कि निकायों की कार्यावधि की गणना उनके गठन के पश्चात शपथ ग्रहण की तिथि के उपरांत प्रथम बैठक की तिथि से की जायेगी। इस आदेश के आने के बाद अब निकायों में पहली बोर्ड बैठक तक मौजूदा निर्वाचित बोर्ड का वजूद कायम हो गया है, ऐसे में सभी चेयरमैनों के खेमे में खुशी की लहर बनी है।

## बहन की शादी में हर्ष फायरिंग पड़ी भारी, आरोपी गिरफ्तार



**मुजफ्फरनगर, 13 दिसंबर (बु.)।** बहन की शादी में हर्ष फायरिंग करना युवक को महंगा पड़ गया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार बुढ़ाना में चचेरी बहन की शादी में अवैध मस्कट से हर्ष फायरिंग करने वाले युवक को पुलिस ने दबोच लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से हर्ष फायरिंग में प्रयोग मस्कट व कारतूस बरामद किया। गांव नगवा में दीपक ने 28 नवंबर को अपनी चचेरी बहन की शादी में अवैध मस्कट से हर्ष फायरिंग की थी। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के आधार पर पुलिस ने मंगलवार को दीपक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि चचेरी बहन की शादी में मस्कट से फायरिंग करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पहचान कर गिरफ्तारी की गई। पूछताछ के बाद पुलिस ने युवक का चालान कर दिया।

# भाकियू अंबावता ने डाला कलेक्ट्रेट में डेरा

**▸ प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप, जमकर की नारेबाजी, सौंपा ज्ञापन**

**मुजफ्फरनगर, 13 दिसंबर (बु.)।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन अंबावता के सैकड़ों कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट स्थित डीएम कार्यालय के गेट पर प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। इस दौरान भाकियू अंबावता के कार्यकताओं ने जिला प्रशासन जिम्मेदार अधिकारियों पर उत्पीड़न करने के गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। इसके साथ ही धरने पर मौजूद कार्यकताओं ने जनपद में अधिग्रहित भूमि के मुआवजे और गन्ना मूल्य समेत 5 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट अनूप कुमार को सौंपा। इससे पूर्व कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में किसानों को संबोधित करते हुए शासन प्रशासन से समस्या निदान न होने की स्थिति में भविष्य में आर पार की लड़ाई लड़ने का भी ऐलान किया। मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन अंबावता के कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित डीएम कार्यालय पर पहुंचकर किसानों से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन अंबावता के जिलाध्यक्ष मोहम्मद शाह आलम के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे इन तमाम कार्यकताओं ने प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए किसान मजदूरों की उपेक्षा किए जाने के गंभीर आरोप लगाए। राज्यपाल के नाम नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मांग रखी की जनपद में एनएच-58 में अधिग्रहित की गई किसानों की भूमि का उचित मुआवजा किसानों को तत्काल दिलाया जाए। धरने को संबोधित करते हुए यूनियन के जिलाध्यक्ष मोहम्मद शाह आलम ने कहा कि संगठन द्वारा डीएम चंद्र भूषण सिंह को बीते 29 नवंबर को जनपद के किसानों की विभिन्न समस्याओं और भूमि अधिग्रहण का मुआवजा देने के लिए ज्ञापन देने गए किसानों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया था। उस दौरान की डीएम कार्यालय की सीसीटीवी वीडियो चेक की जाए और मामले में सख्त कार्रवाई की जाए। भारतीय किसान यूनियन अंबावता के जिलाध्यक्ष मोहम्मद शाह आलम ने कहा कि रेड़ी पर व्यापार करने वाले एवं छोटे दुकानदारों के खिलाफ जीएसटी अधिकारियों द्वारा जांच के नाम पर उत्पीड़नात्मक कार्रवाई कर अवैध वसूली की जा रही है उसको रोकी जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि किसानों का गन्ना मूल्य 400 रुपये प्रति कुन्तल वर्तमान में दिलाया जाए और किसानों का बकाया भुगतान लेट होने पर किसान को उसका रुपया मय 12 प्रतिशत ब्याज के साथ दिलाया जाए। ये भी कहा कि किसान सेवा सहकारी समिति में किसानों को खेती के लिए बुआई के समय डाई और उर्वरक खाद सुनिश्चित कराई जाए। इस दौरान सैंकड़ों की संख्या में भारतीय किसान यूनियन अंबावता के कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं क्षेत्र के किसान डीएम कार्यालय पर मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठे कार्यकर्ता व लाउडस्पीकर बंद करने के मामले में पुलिस से बहस करते पदाधिकारी



धरने के दौरान पहुंचे नगर मजिस्ट्रेट



शोक संदेश

मंगलम् भगवान वीरो मंगलम् गौतमो गणी!
मंगलम् कुन्दकुन्दाद्यो जैन धर्मोस्तु मंगलम्!!



बड़े दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीय माताजी **श्रीमती प्रेमलता जैन** (धर्मपत्नी स्व. श्री श्रीचंद जैन, मंसूरपुर वाले) का **स्वर्गवास दिनांक 09 दिसम्बर 2022, दिन शुक्रवार** को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

उनकी **रस्म पगड़ी दिनांक 15 दिसम्बर 2022, दिन गुरूवार को दोपहर 2:00 बजे, स्थान : श्री आदर्श रामलीला भवन, पटेल नगर, मुजफ्फरनगर** में होनी निश्चित हुई है।

—शोकाकुल परिवार—

अमरचंद–प्रतिभा जैन (पुत्र–पुत्रवधु), हंस कुमार जैन (पुत्र)
ममता जैन, रमन जैन (पुत्री), वर्धमान जैन, निर्मल जैन, विशाल जैन (धेवते)
आंचल–राहुल, कोकिला–सचिन, प्रेक्षी–पवन, तृप्ति–वरूण (पौत्री–दामाद)
श्रावगी जैन (पौत्री), आरूष जैन (पौत्र)

-: निज निवास :-
श्री प्रेम कुंज, 208, पटेल नगर, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर

मोबाइल : 9837286602, 9045918064, 0131-2608501



# एस.डी. कॉलेज ऑफ लॉ के विद्यार्थियों ने लहराया परचम



फोटो बुलेटिन परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम से उत्तीर्ण विद्यार्थी अपने शिक्षक एवं शिक्षकाओं के साथ।

मुजफ्फरनगर, 13 दिसंबर (बु.)। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा आयोजित बीकॉम, एलएलबी 5 वर्षीय पाठ्यक्रम के संस्थागत सेमेस्टर परीक्षा में एसडी कॉलेज ऑफ लॉ के छात्र एवं छात्राओं ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा से साक्षात्कार कराया। द्वितीय सेमेस्टर में यश शर्मा ने प्रथम स्थान, अवनी भारद्वाज ने द्वितीय स्थान तथा कीर्ति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

परीक्षा परिणाम के लिए शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त कर कहा कि भविष्य में भी वे इस प्रकार का प्रदर्शन करेंगे। कॉलेज निदेशक मंजू मल्होत्रा ने कहा कि परीक्षा में भाग लेकर स्वंय को आगे रखने की प्रेरणा प्रत्येक छात्र-छात्रा में होनी चाहिए। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेणु गर्ग ने कहा कि यह उनके लिए गौरव का विषय है। इसका श्रेय योग्य शिक्षकों को भी दिया जाता है, जिनके मार्गदर्शन के बिना संभव नहीं था। डॉ. मुकुल गुप्ता, अमित कुमार, प्रीति लौर, पूनम शर्मा, बीता गर्ग, अभिनव गोयल, अनीता सिंह, अमित त्यागी, वैभव कश्यप, गरिमा तोमर, अमित भारद्वाज, छवि जैन, विपुल कुमार, प्रदीप सिंघल, संतोष शर्मा, अभिनव अग्रवाल, उमेश त्रिपाठी, प्रीति दीक्षित, संजीव कुमार, शुभम सिंघल, विवेक सिरोही, शिवानी धीमान आदि उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता तैयार... 17 दिसंबर की सुबह 10 बजे से शुरू होगा नामांकन करने का समय

# सिविल बार एसोसिएशन में बजी चुनावी रणभेरी

### आज 12 बजे तक जमा करा सकते हैं अपना चंदा व बकाया

मुजफ्फरनगर, 13 दिसंबर (बु.)। सिविल बार एसोसिएशन की वर्ष 2023 की कार्यकारिणी के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई हैं। सिविल बार एसोसिएशन की एल्डर कमेटी के चेयरमैन अधिवक्ता अवध बिहारी लाल गुप्ता के द्वारा जारी चुनाव कार्यक्रम में 17 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बार एसोसिएशन के सभागार में नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी जैगम मियां जैद्दी व चुनाव अधिकारी चुनाव मुकेश कुमार त्यागी, बिजेन्द्र प्रताप, डॉ. माधुरी सिंह व अनिल कुमार गुप्ता अधिवक्ता को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त करते हुए इस चुनाव को सम्पन्न कराने की व्यवस्था की गई है। सिविल बार एसोसिएशन की बीते दिवस सम्पन्न हुई बैठक में वर्ष 2023 की कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन्न कराने के लिए चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। एल्डर कमेटी के चेयरमैन अधिवक्ता अवध बिहारी लाल गुप्ता की ओर से जारी चुनाव कार्यक्रम में बुधवार 14 दिसम्बर को चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने वाले सदस्यों से चंदा तथा अन्य डयूज जमा करने के लिए 12 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। उसके बाद एसोसिएशन की प्रोविजनल की वोटर लिस्ट का प्रकाशन 2 बजे के बाद वोटर लिस्ट कार्यालय में उपल्बध होगा।

उन्होंने बताया कि प्रोविजनल वोटर लिस्ट पर आपत्ति के लिए 15 दिसम्बर 11 बजे तक सुनवाई की जाएगी। इसके बाद प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण उसी दिन किये जाने के साथ फाईनल वोटर लिस्ट का प्रकाशन 16 दिसम्बर को किया जाएगा। सिविल बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए प्रातः 10 से 2 बजे तक नामांकन उसके बाद सांय 5 बजे तक नामांकन पत्रो की जांच और 19 दिसम्बर को दोपहर 1 बजे तक नामांकन पत्रों की वापसी की जाएगी। एल्डर कमेटी के चेयरमैन ने चुनाव कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि नई कार्यकारिणी के गठन के लिए जरूरत हुई तो 21 दिसम्बर को प्रातः 8 से सांय 4 बजे तक मतदान और 22 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से चुनाव परिणाम आने तक मतगणना की कार्यवाही सम्पन्न होगी। उन्होंने बताया कि सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व महामंत्री पद के लिए पांच सौ रुपए ज्वाईट सैक्रेटरी व कोषाध्यक्ष पद के लिए दो सौ पचास रु और सदस्य पद के लिए सौ रुपए की धनराशि जमा करने के बाद नामांकन प्रक्रिया में शामिल होने का मौका मिलेगा।

## केंद्र से भाजपा को हटाना लक्ष्य: नीतीश

पटना, 13 दिसंबर (वार्ता)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को फिर कहा कि सीएम-पीएम बनना नहीं मेरा लक्ष्य नहीं है, बल्कि भाजपा को हराना है। मैं कभी प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल नहीं था। आज भी नहीं हूं। महागठबंधन बिहार में अगला चुनाव तेजस्वी के नेतृत्व में लड़ेगा और मैं खुद राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष को एकजुट करने की कोशिश करूंगा। नीतीश यहां महागठबंधन विधायक दल की बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के विधायकों की ओर देखते हुए कहा कि आप अपने नेतृत्व को बता दें कि मैं प्रधानमंत्री पद का दावेदार नहीं हूं। 2024 में भाजपा को केंद्र की सत्ता से बेदखल करना ही अब मेरा लक्ष्य रह गया है। इसके लिए देशव्यापी मुहिम चलाएंगे। विपक्षी दलों को एकजुट करेंगे। नीतीश ने मंच पर बैठे उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की ओर इशारा कर कहा कि अब इन्हें आगे बढ़ाना है। हम सब एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे तो अगले लोकसभा चुनाव में बिहार की किसी सीट पर भाजपा की जीत नहीं होगी। 2025 के विधानसभा चुनाव में भी उसे सफलता नहीं मिलेगी। विपक्ष एकजुट हो तो केंद्र की सत्ता से भाजपा को हटाना असंभव भी नहीं है।इस पर अन्य दलों को भी विचार करना चाहिए। कहा कि भाजपा झूठ, घृणा व द्वेष की राजनीति कर रही है।

## बिहार में युवाओं पर भांजी गईं लाठियां

पटना, 13 दिसंबर (वार्ता)। बिहार पुलिस ने पटना में मंगलवार को प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर जमकर लाठियां भांजी। ये युवा शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) और केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) की परीक्षा पास करने वाले उम्मीदवार थे। यह सभी प्रदेश सरकार से भर्ती की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस के लाठीचार्ज से जुड़े कई वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर सामने आए हैं। इनमें देखा जा सकता है कि पुलिस किसी तरह से युवाओं को लाठियों से पीट रही है। पुलिस की लाठी चलते ही भीड़ तितर-बितर हो जाती है। युवा सड़क किनारे की दुकानों पर खड़े होकर बचने की कोशिश करते दिखते हैं।

## चीन में नव वर्ष पर बढ़ सकता है कोरोना

बीजिंग, 13 दिसंबर (वार्ता)। कुछ चीनी विश्वविद्यालयों ने कहा है कि वे नव वर्ष यात्रा के दौरान कोरोना के प्रकोप की संभावना कम करने के लिए छात्रों को घर से सेमेस्टर पूरा करने की अनुमति देंगे। वही, पाबंदियों में छूट से डरे छात्र भी घर लौटने लगे हैं। शंघाई और आसपास के शहरों के विश्वविद्यालयों ने कहा है कि छात्रों को जल्द से जल्द घर लौटने या परिसर में रहने और हर 48 घंटों में परीक्षण करने का विकल्प दिया जाएगा। हालांकि, इनसे कितने स्कूल जुड़े हैं यह स्पष्ट नहीं है। लूनर न्यू ईयर, जो इस साल 22 जनवरी को पड़ रहा है, परंपरागत रूप से चीन का सबसे व्यस्त यात्रा सीजन है। चीन में पिछले तीन वर्षों में लॉकडाउन के दौरान विश्वविद्यालयों में छात्रों और प्राधिकारियों के बीच अक्सर झड़प की खबरें आती रही हैं। छात्रों को परिसर में नहीं जाने दिया जाता था, वे छात्रावास के कमरों में बंद थे। चीन ने मंगलवार से लोगों की निगरानी करने वाले मोबाइल एप को भी डिलीट कर दिया गया। इससे यह आशंका भी समाप्त हो गई कि हॉट स्पाट वाले लोगों को बलपूर्वक क्वारंटाइन किया जा सकता है। वहीं, सरकार द्वारा पाबंदियों में ढील के बाद विशेषज्ञों ने कोरोना की एक और लहर आने की आशंका जताई है।

## संपत्ति के लिए बेटे ने पिता को कार से रौंदा

कासगंज, 13 दिसंबर (वार्ता)। कासगंज में पारिवारिक जमीन में हिस्सा न मिलने से क्षुब्ध बेटे ने अपने साले के साथ मिलकर अपने होमगार्ड पिता की जान लेने की कोशिश की। आरोपी बेटे ने ड्यूटी पर जाते समय पहले पिता को कार से कुचला फिर जब वह जमीन पर गिर पड़े तो तमंचे से ताबड़तोड़ गोलियां दाग दीं। गोलियां लगने से होमगार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्हें उपचार के बाद अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। एसपी के निर्देश पर चार घंटे के अंदर ही आरोपी पुत्र और उसके साले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नगला गोस्वामी के रहने वाले होमगार्ड जगदीश गिरी रोजमर्रा की तरह सुबह 10:45 बजे अपनी बाइक से ड्यूटी पर जा रहा था, तभी गांव के मार्ग पर ही उसके छोटे बेटे पुष्पेंद्र व उसके साले अरविंद निवासी ग्राम मढ़ी थाना आंवला ने पहले ऑल्टो कार से पिता की बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह बाइक सहित मौके पर गिर गए तभी उनके आरोपी पुत्र ने तमंचे से उन पर कई गोलियां दाग दीं।

# एलएनजीपी अस्पताल ने टेस्ट के लिए दी 2024 की तारीख

**अजब-गजब**

### बिहारी होने के कारण उत्पीड़न का आरोप, अस्पताल के विरुद्ध कोर्ट में गया रोगी

नई दिल्ली, 13 दिसंबर (वार्ता)। दिल्ली के बजाए बिहार का आवासीय पता होने के कारण मरीज को एमआरआईनी-टेस्ट के लिए 2 साल बाद की तारीख जय प्रकाश हास्पिटल द्वारा दी गई है। दरभंगा के मोहम्मदपुर के गुलाम महबूब ने अधिवक्ता अशोक अग्रवाल व कुमार उत्कर्ष के माध्यम से कोर्ट में याचिका दायर की है। इस मामले पर बृहस्पतिवार को सुनवाई हो सकती है।

याचिका के अनुसार गुलाम महबूब को टेस्ट के लिए 15 जुलाई 2024 की तारीख दी गई है। उन्होंने इसे भेदभावपूर्ण रवैया बताते हुए कहा कि उपचार प्रदान करने में आवासीय पता को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मतदाता पहचान पत्र रखने वाले व्यक्तियों को त्वरित उपचार मिलता है जबकि अन्य को वर्षों तक प्रतीक्षा करने के लिए छोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के बाहर के गरीब लोगों के साथ यह भेदभाव किया जा रहा है जोकि मनमाना है और संविधान के विभिन्न अनुच्छेद का उल्लंघन है। याचिका के अनुसार सितंबर 2022 में बाएं घुटने में दर्द होने पर उन्होंने ओपीडी में जांच कराई। इस पर पांच दिसंबर को डाक्टर ने उन्हें एमआरआइ एल टेस्ट बाहर से कराने को कहा। उन्होंने कहा कि डॉक्टर ने उन्हें बताया कि एमआरआइ टेस्ट दिल्ली निवासियों के लिए निशुल्क उपलब्ध है, जबकि दिल्ली के बाहर के लोगों को अपने खर्च पर जांच करानी होगी। याचिकाकर्ता ने कहा कि जब कई प्रयास के बाद भी उन्हें निशुल्क जांच की अनुमति नहीं दी गई तो उन्होंने अस्पताल को कानूनी नोटिस भेजा। इसके बाद अस्पताल ने उनकी बीमारी के टेस्ट के लिए12 दिसंबर को उन्हें 17 जुलाई 2024 की तारीख दे दी। उन्होंने अदालत को उनके टेस्ट के संबंध में अस्पताल को बगैर किसी भेदभाव के जांच करने का निर्देश देने की मांग की। साथ ही उन्होंने अन्य राज्य के मरीज होने के आधार पर भेदभाव न करने का निर्देश देने की भी मांग की।

# गन्ना सेंटर आने तक धरने पर रहेंगे किसान

## ▸▸ विभाग ने मांगा है दस दिन का समय, किसान धरने से उठने को तैयार नहीं

### चार दिन से आंदोलन पर अड़े हैं किसान



खतौली के गांव खानपुर में गन्ना सेंटर वापस दिये जाने की मांग को लेकर मंगलवार को भी धरने पर जमा रहकर जिला प्रशासन की व्यवस्था को लेकर रोष व्यक्त करते क्षेत्र के किसान व नेता। फोटो बुलेटिन

खतौली, 13 दिसंबर (बु.)। खानपुर गांव में किसानों का आंदोलन थमने का नाम नहीं ले रहा है। गांव में लगाए गए गन्ना सेंटर को हटवाने को लेकर दस दिन का समय मांगने के बावजूद चौथे दिन भी धरना जारी रहा। किसानों ने मांग पूरी होने तक धरना जारी रखने की चेतावनी प्रशासन को दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खतौली तहसील क्षेत्र के गांव खानपुर में गन्ना तौल सेंटर को हटवाने की कार्रवाई शुरू होने के बाद विगत पांच दिन से गन्ने की तौल बंद पड़ी हैं, जिससे ग्रामीणों को गन्ने की तौल को लेकर भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके चालते उनकी खेत में गन्ना छोल प्रभावित हो रही है। गन्ना तौल सेंटर को हटवाने को लेकर गांव के सैकड़ों ग्रामीण गन्ना तौल सेंटर पर धरना देकर बैठे हैं, और वह किसी भी हालत में गांव से गन्ना तोल सेंटर को नहीं हटने देना चाहते। भाकियू नेताओं ने जानकारी देते हुए बताया कि कमेटी के पदाधिकारी राकेश टिकैत और नरेश टिकैत से वार्ता की गई। वहीं नरेश टिकैत से वार्ता करने गई भाकियू कमेटी के बाद गन्ना विभाग बैकफुट पर आता दिखाई दिया है, जिसके बाद डीसीओ ने किसान नेताओं से दस दिनों का समय मांगते हुए बताया कि दस दिन बाद खानपुर गांव में गन्ना तौल सेंटर की तौल को चालू कर दिया जायेगा। गन्ना अधिकारियों द्वारा किसानों से दस दिनों का समय मांगने पर भी चौथे दिन किसानों का धरना जारी रहा।

किसानों ने कहा कि जब तक तौल शुरू नहीं की जाती जब तक धरना जारी रहेगा। खानपुर गांव में चौथे दिन धरने को संबोधित करते भाकियू नेता सचिन चौधरी और धरने पर युवा ब्लाक अध्यक्ष खतौली सुमित कुमार, भाकियू कार्यकर्ता कार्तिक सिवाच, राजा चेयरमैन, विनित त्यागी, रितिक सिवाच, इरशाद, अनिल प्रधान, इंद्रपाल, महकार सिंह नंगली, भगवान शाह, धर्मपाल आदि मौजूद रहे।

## दबंगों ने छात्र को किया लहूलुहान

### कई अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

चरथावल, 13 दिसम्बर (बु.)। ग्राम बिरालसी में आधा दर्जन दबंगों ने एक छात्र के साथ जमकर मारपीट करते हुए छात्र को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल छात्र को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहीं परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद व कई अज्ञात युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए एक नामजद आरोपी रितिक को गिरफ्तार कर लिया। वहीं इस मामले में नामजद एक हिंदू संगठन का कार्यकर्ता बताया जा रहा है। चरथावल थानाक्षेत्र के ग्राम बिरालसी में देर शाम आधा दर्जन दबंगों ने एक छात्र के साथ जमकर मारपीट करते हुए छात्र को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल छात्र को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं मामले की सूचना मिलते ही चरथावल थाना प्रभारी राकेश शर्मा पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तथा घायल छात्र से घटना की जानकारी ली। वहीं घायल छात्र के परिजनों ने हिन्दू जागरण मंच के पूर्व पदाधिकारी अंकुर राणा एवं रितिक राणा को नामजद करते हुए कई अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया।

# विश्वविद्यालयी अंतर महाविद्यालय हॉकी (पुरूष/महिला) टीम का ट्रायल



फोटो बुलेटिन हॉकी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर स्वागत करतीं डॉ. प्रेरणा।

मुजफ्फरनगर, 13 दिसंबर (बु.)। श्रीराम कॉलेज प्रांगण में आज माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के अंतरमहाविद्यालय हॉकी (पुरूष/महिला) प्रतियोगिता का ट्रायल हुआ। कई जिलों के कॉलेजों से खिलाडियों ने प्रतिभाग किया।

विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व डा. विजय कुमार, डीएवी (पीजी) कॉलेज, मुजफ्फरनगर ने किया। हॉकी (पुरूष व महिला) टीम में दून कॉलेज सहारनपुर, जेवी जैन सहारनपुर, गोचर महाविद्यालय रामपुर मनिहारन, श्रीराम कॉलेज, एसडी कॉलेज व छोटू राम कॉलेज मुजफ्फरनगर से प्रतिभाग किया गया। हॉकी (पुरूष/महिला) के ट्रायल का शुभारभ डा. विजय कुमार तथा मुख्य अतिथि डा. अशोक कुमार निदेशक, श्रीराम कॉलेज, डा. प्रेरणा मित्तल प्राचार्या, श्रीराम कॉलेज, डा. विनीत कुमार शर्मा समन्वयक आईक्यूएसी, निशांत कुमार राठी डीन कम्प्यूटर एप्लीकेशन, प्रमोद कुमार शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष तथा अमरदीप शर्मा शारीरिक शिक्षा सहायक अध्यापक द्वारा विधिवत रूप से किया गया।

शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि इस वर्ष माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय द्वारा हॉकी (पुरूष/महिला) अन्तरमहाविद्यालयी प्रतियोगिता के आयोजन की जिम्मेदारी श्रीराम कॉलेज को सौंपी गयी थी, जिसके क्रम में विश्वविद्यालय टीम के चयन हेतु आज हॉकी (पुरूष/महिला) टीम का ट्रायल मैच खेला गया। विश्वविद्यालय चयनकर्ताओं द्वारा सभी खिलाडियों के प्रदर्शन के आधार पर हॉकी (पुरूष) टीम का चयन किया गया, जबकि हॉकी (महिला) वर्ग का केवल ट्रायल लिया गया। चयनित महाविद्यालय की हॉकी (पुरूष) टीम माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय की टीम का नेतृत्व करते हुए 26 दिसम्बर से 30 दिसम्बर-2022 तक लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय जालंधर में आयोजित होने वाली जोनल अंतर विश्वविद्यालय हॉकी (पुरूष) प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।

श्रीराम कॉलेज के निदेशक डा. अशोक कुमार ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कराते हुए कहा कि विभिन्न महाविद्यालयों से आये हॉकी (पुरूष/महिला) खिलाडियों का प्रदर्शन प्रशंसनीय रहा। श्रीराम कॉलेज की प्राचार्य डा. प्रेरणा मित्तल ने खिलाडियों का उत्साहवर्द्धन किया और बधाई दी। शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार तथा प्रवक्ता भूपेन्द्र कुमार, डॉ. अब्दुल अजीज खान, संदीप कुमार, अमरदीप, प्रशान्त तथा तरूण आदि का योगदान रहा।

# गोल्डन पब्लिक स्कूल में स्पोर्ट्स क्विज

### चार टीमों के बीच हुआ बेहद रोचक मुकाबला, छात्रों ने साबित किया ज्ञान

मुजफ्फरनगर, 13 दिसंबर (बु.)। पचेंड़ा रोड स्थित गोल्डन पब्लिक स्कूल में आज फिट इंडिया वीक के अन्तर्गत कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों के मध्य स्पोर्ट्स क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कक्षा 11 एबीसी और डी कक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हुए 4 टीमों ने क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की। इस प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों से जुड़ी प्रश्नोत्तरी हुई। सभी प्रतिभागियों ने अपनी टीम को विजयी बनाने के लिए बड़े उत्साह से प्रयास किया।

दर्शक दीर्घा में बैठे हुए छात्र-छात्राओं ने भी सही उत्तर देने पर अपनी-अपनी टीम से जुड़े हुए छात्रों का उत्साहवर्धन करने के लिए तालियों की गड़गड़ाहट से सभागार को गुंजायमान कर दिया। टीम बी के छात्रों ने कक्षा 11वीं के अन्य छात्रों के टीमों पर एक तीन राउंड के सघर्षपूर्ण रोमांचक क्विज प्रतियोगिता में अपनी श्रेष्ठता स्थापित की। विद्यालय की प्रधानाचार्य पूनम वर्मा ने विजयी टीम को बधाई देते हुए अन्य छात्रों को भी अच्छे प्रदर्शन के लिए सराहा तथा भविष्य में और अधिक सार्थक प्रयास कर विजय श्री प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस तरह के आयोजनों की सराहना करते हुए इसको खेल से शिक्षा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सवार्गीण विकास के लिए खेल, शारीरिक शिक्षा तथा अध्ययन सभी को सकारात्मक रूप से लेने तथा स्वस्थ रहकर चिंतन कर राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान करने का आह्वान किया।

## मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 13 दिसंबर, (बु.)। मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव ये रहेः- रसकट ढैया-930-960, चाकू 1090-1253, लड्डू 1125-1251, खुरपापाड़ 1080-1121, शक्कर मसाला 1260-1270। आमद-8,000 मन।

# श्री कृष्ण मंदिर का तिगाई में होगा नव निर्माण, स्थानांतरण को किया भूमि पूजन



खतौली, 13 दिसंबर (बु.)। कस्बे के मौहल्ला दुगार्पुरी में स्थित श्री कृष्ण मंदिर में आने-जाने और श्रद्धालुओं के वाहनों के न आने की परेशानी को देखते हुए मंदिर कमेटी ने कृष्ण मंदिर की जगह को बदलने का निर्णय लेते हुए खतौली जीटी रोड स्थित तिंगाई गांव में नव निर्माण कराने का फैसला लिया गया।

मंगलवार को मंदिर के महंत सोनू महाराज ने सैकड़ों भक्ति और नगर वासियों के साथ मंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। इस मौके पर सोनू महराज ने बताया कि मंदिर परिसर में आने-जाने के लिए भक्तों को परेशानी उठानी पड़ती थी, इसलिए मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मंदिर को भव्य रूप से बनवाया जायेगा। इस मौके पर रमेश तनेजा, प्रमोद शर्मा एडवोकेट, राजकुमार छाबड़ा, सचिान तनेजा, बिजेंद्र बागड़ी राकेश, विकास मोतला, मोनू मंगवानी, ओम सिंह मोतला, निक्कू साहनी, पप्पू सहानी ममता आनंद आदि मौजूद रहे।

## आपका आज का राशिफल

**बुधवार, 14 दिसंबर, 2022**

मेष- घरेलू समस्याओं से चिन्ता, दूसरों की भूल से स्वयं को हानि, परिवार में आपसी मतभेद, व्यापारिक पक्ष में नवीन जोखिम हानिकारक, लापरवाही से नुकसान।
वृषभ- नवीन योजना का श्रीगणेश, आ॒थक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, आपसी वैमनस्यता का समापन, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत।
मिथुन- धन लाभ का सुअवसर प्राप्त, कठिनाइयों में कमी, समझदारी निर्णय लाभप्रद, महत्वपूर्ण के लिए प्रयत्नशील, आपसी गलतफहमियां दूर होने की ओर।
कर्क- कार्यों के बनने से प्रसन्नता, नौकरी में पदोन्नति या स्थानान्तरण विषयक मसला हल, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, भोग-विलासिता की ओर रुझान।
सिंह- कार्यसिद्धि में कठिनाइयां, स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, नवीन समस्याएं उपस्थित, प्रेम सम्बन्धों में कटुता, राजकीय उलझनें, जीवन साथी के कष्ट, यात्रा विफल।
कन्या- आ॒थक व्यावसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, पारिवारिक उत्तर-दायित्व की पू॒त, नवीन समाचार की प्राप्ति, सद्भाव, दाम्पत्य जीवन मधुर।
तुला- योजना की शुरुआत हेतु मित्रों से विचार-विमर्श, समस्याओं में कमी, विवाद समापन, प्रतियोगिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सफलता, मनोविनोद के अवसर।
वृश्चिक- ग्रहस्थिति अनुकूल, आ॒थक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, तालमेल से कार्य सार्थक, विवाद हल, निराशा का समापन, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।
धनु- कार्य-व्यवसाय में असफलता, स्वास्थ्य विपरीत, सहयोगियों की गतिविधियों से मानसिक कष्ट, सम्मान में कमी का अहसास, संतान पक्ष से कष्ट।
मकर- परिस्थितियां सुधार पर, चिरवांछित कार्यों में उन्नति, मानसम्मान में वृद्धि, निजी जिन्दगी में सुख-सुविधा के जरूरी साधन सुलभ, धन लाभ का सुयोग।
कुम्भ- आरोग्य सुख, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, धर्म के प्रति आस्था।
मीन- अभीष्ट कार्यों में सफलता, व्यवसाय में विस्तार एवं नवपरिवर्तन की योजना फलीभूत, परोपकार की भावना जागृत, सुसमाचार मिलने से प्रसन्नता।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

## पुलिस ने धरपकड़ अभियान में तीन वारंटियों को पकड़ा, भेजा जेल

चरथावल, 13 दिसम्बर (बु.)। थानाक्षेत्र में वारंटियों की धरपकड़ हेतु पुलिस द्वारा युद्धस्तर पर अभियान चलाया गया, जिसमें कुटेसरा चैकी प्रभारी वरुण कुमार तेवतिया ने आबकारी अधिनियम में दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा हिंडन चैकी प्रभारी नितिन कुमार ने भी एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गये तीनों वारंटियों को जेल भेज दिया। मुजफ्फरनगर एसएसपी विनीत जायसवाल के निर्देशन में चरथावल थाना प्रभारी राकेश शर्मा द्वारा वारंटियों की धरपकड़ हेतु युद्ध स्तर पर अभियान चलाया गया, जिसमें चरथावल प्रभारी निरीक्षक राकेश शर्मा के नेतृत्व में कुटेसरा चैकी प्रभारी वरुण कुमार तेवतिया ने मुखबिर की सूचना पर 60/72 आबकारी अधिनियम में वारंटी रितेश पुत्र सतपाल सिंह व सोमनाथ पुत्र शेर सिंह निवासी ग्राम घिस्सूखेड़ा थाना चरथावल को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा चरथावल प्रभारी निरीक्षक राकेश शर्मा के नेतृत्व में हिंडन चैकी प्रभारी नितिन कुमार ने धारा 452/323/506 में वारंटी विजयपाल पुत्र जात्ती निवासी ग्राम मुथरा को घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गये तीनों वारंटियों को जेल भेज दिया है।

## नृत्यकला प्रतियोगिता...

# एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स में मना 'भारतीय भाषा उत्सव'

### नृत्य प्रस्तुतियों से सभी ने भारत की विभिन्न भाषाओं का मनमोहक मंचन किया




फोटो बुलेटिन एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स में आयोजित नृत्यकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के उपरांत छात्र एवं छात्राएं।

मुजफ्फरनगर, 13 दिसंबर (बु.)। एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स, मुजफ्फरनगर के सभागार में भारतीय भाषा दिवस के उपलक्ष पर "आन्तरिक गुणवत्ता एवं सुनश्चयन प्रकोष्ठ" (आईक्यूएसी) के तत्वावधान में विज्ञान संकाय द्वारा "नृत्यकला" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं ने नृत्य के माध्यम से भारत की विभिन्न भाषाओं का मनमोहक मंचन किया।

प्रतियोगिता का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सचिन गोयल, डा. सौरभ जैन (आईक्यूएसी समन्वयक), डा. रवि अग्रवाल, नीतू गुप्ता, डा. मोनिका रूहेला आदि द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिता में एम. कॉम, बी.कॉम, बी.ए., बीएससी (गृहविज्ञान), एमएससी (फुड एवं न्यूट्रिशन), बीएससी (विज्ञान), बीएससी (माइक्रो बायोलोजी) के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

प्रतियोगिता का प्रारंभ करते हुए प्राचार्य ने अपने वक्तव्य में बताया कि महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जन्म जयंती पर भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत भारतीय भाषा दिवस मनाया जाता हैं। बहुभाषी होना हमारे पढ़ने-लिखने, बातचीत करने, तर्क करने और समस्याओं को हल करने के साथ हमारे कौशल में सुधार करता है।

प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न राज्यों की संस्कृति को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया, जिसमें अग्रता ने संस्कृत, स्वाति ने डोगरी, चेतना ने हरयाणवी, लक्षिका ने गढवाली, आर्यन ने मैथली, अनामिका ने बंगाली, अलफिया ने मराठी, आस्था व भूमिका ने गुजराती, शिवानी व स्वाति ने तेलगु, वैष्णवी ने मणिपुरी, अजहर व शबनूर ने तमिल एवं खुशी ने उडिया आदि भाषाओं के गीत पर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में निर्णयक की भूमिका में कमर रजा, कृष्ण कुमार एवं आशीष पाल रहे। प्रतियोगिता का संचालन मोनिका पंवार, तनु, आयुषी एवं आर्या ने किया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कार्तिक व उज्जवल (हिन्दी), द्वितीय स्थान छवि व वंशिका (मारवाडी), संयुक्त रूप से तृतीय स्थान नंदनी, खुशी (हरियाणवी) एवं शिवनी व रितिका (मराठी) को मिला। सांत्वना पुरस्कार प्रीत व तान्या (ब्रज भाषा), अग्रता (संस्कृत), अलफिया (मराठी), शिवानी व स्वाति (तेलगु) को मिला। अंत में डा. सौरभ जैन ने सभी प्रतिभागियों एवं शिक्षकगणों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि भाषाएं जान कर हम अपने प्रदेशों के साहित्य, संगीत और कलाओं से मनोरंजन पा सकते हैं। इन क्षेत्रों में जाने के बाद हम सभी वहां पर किसी अनुवादक या शब्दकोश पर निर्भर हुए बिना वहाँ के मूल निवासी से बातचीत कर सकते हैं। भाषा के माध्यम से आप कोई नई संस्कृति सीख सकते हैं। इस अवसर पर डा. महेन्द्र, डा. रविन्द्र, डा. बुशरा आकिल, डा. ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, रजत धारीवाल, गौरव बालियान, वंशिका गुप्ता, शिखा पाल, कृष्ण कुमार, दीपक, अनमोल, रविश आदि का सहयोग रहा।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
उप सम्पादक - श्रीमती पूजा दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2022

सम्पादक की क़लम से

## पाकिस्तान, चीन और तवांग

पाकिस्तान और चीन के सम्बंधों पर अब अन्य देशों में भी बात होने लगी है। चीन की नजर तवांग पर भी है। तवांग में भारत और चीन के सैनिकों की झड़प के बाद इंडियन एयरफोर्स ने अरुणाचल सीमा पर कॉम्बैट एयर पेट्रोलिंग, यानी जंगी उड़ानें शुरू कर दी हैं। 9 दिसंबर को तवांग में हुई झड़प से पहले भी चीन ने अरुणाचल सीमा में अपने ड्रोन भेजने की कोशिश की थी। इसके बाद इंडियन एयरफोर्स ने तुरंत अपने लड़ाकू विमान अरुणाचल सीमा पर तैनात किए थे। संसद में चीन को लेकर रक्षामन्त्री बयान दे रहे हैं। उधर चीन इंडेक्स में अलग-अलग देशों को रैंकिंग दी गई है। सबसे ज्यादा चीनी प्रभाव वाले देशों की लिस्ट में पाकिस्तान टॉप पर है। इस स्टडी के मुताबिक पाकिस्तान पर चीन का कंट्रोल सबसे ज्यादा है। यूरोपीय देश जर्मनी 19 वें और अमेरिका 21 वें नंबर पर है। ताइवान के रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन डबल थिंक्स लैब्स ने 82 देशों पर चीन के प्रभाव का डेटाबेस तैयार किया। यही चीन इंडेक्स 2022 है। ये अपनी तरह की पहली स्टडी है। पाकिस्तान, अपने घरेलू बाजार के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स, हार्डवेयर और मोबाइल फोन, चीन से आयात करता है। इसके अलावा पाकिस्तान के डिफेंस सेक्टर ने चीन की मदद से आधुनिक टेक्नोलॉजी के हथियार हासिल किए हैं। 2007 से 2015 तक चीन और पाकिस्तान के बीच ट्रेड में 278 फीसदी का इजाफा हुआ है। पाकिस्तानी सेना के लिए हथियार, मिसाइलें, तोप, फाइटर जेट्स और टैंक के प्रोडक्शन और इम्पोर्ट में चीन मदद करता है। पाकिस्तान को कमजोर अर्थव्यवस्था से निपटने के लिए चीन ने आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक का लोन चुकाने में भी मदद की है। संयुक्त राष्ट्र सिक्योरिटी काउंसिल में भी चीन ने पाकिस्तान को क्लीन चिट दिलाई और एफएटीएफ की सूची में ब्लैकलिस्ट किए जाने से भी चीन ने पाकिस्तान को बचाने में मदद की है। 2020 तक पाकिस्तान के रेलवे, एयरपोर्ट और एनर्जी सेक्टर में चीन ने करीब 5 लाख करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स में इन्वेस्ट किया है। इसमें सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर। प्रोजेक्ट के पूरा होने तक पाकिस्तान की एनुअल इकोनॉमिक ग्रोथ रेट भी 2.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर का मकसद पाकिस्तान में इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करना है। इसमें करांची, जकोबाबाद, मुल्तान, पेशावर और खुन्जेब पास को जोड़ने वाली मुख्य रेल लाइन्स बनाई जाएंगी। करांची-पेशावर लाइन पर करीब 66 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। 2.7 लाख करोड़ रुपए का सबसे बड़ा इन्वेस्टमेंट चीन ने पाकिस्तान के एनर्जी सेक्टर में किया है। 2030 तक ये प्रोजेक्ट्स पाकिस्तान के लिए 75 प्रतिशत बिजली की जरूरत पूरी करेंगे। सवाल उठता है कि चीन को पाकिस्तान में इतना इंटरेस्ट क्यों है? इसके कई कारण हैं, जैसे चीन अपनी 80 प्रतिशत ऑयल सप्लाई की जरूरत हिंद महासागर के मलाका स्ट्रेट से इम्पोर्ट करता है। इसकी दूरी करीब 10,000 किलोमीटर से भी ज्यादा है। अगर पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट से ये इम्पोर्ट पूरा किया जा सके तो ये दूरी महज 3000 किलोमीटर हो जाएगी। इस तरह अगर चीन अपना आधा तेल भी पाकिस्तान के रास्ते से लेकर जाए तो चीन को करीब 16 हजार करोड़ रुपए का फायदा होगा। मलाका स्ट्रेट पर अक्सर जंग का डर बना रहता है, क्योंकि ये रास्ता कभी भी चीन के लिए बंद हो सकता है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका ने जापान, साउथ कोरिया, फिलीपीन्स, थाइलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में अपनी एयरफोर्स और नेवी के लिए बेस सेट अप किए हैं। इन देशों में बड़ी संख्या में अमेरिकी आर्मी फाइटर एयरक्राफ्ट और नेवल एयरक्राफ्ट के साथ तैनात हैं।चीन के वेस्टर्न फ्रंटियर पर रोड नेटवर्क और इंडस्ट्रीज सेटअप करना। लेकिन, इन इंडस्ट्रीज के प्रोडक्ट्स को एक्सपोर्ट करने के लिए चीन को वेस्टर्न फ्रंटियर पर भी रास्ते खोलने की जरूरत है। इसके लिए चीन ने कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान के जरिए ईरान और तुर्की से यूरोप तक अपने लिए मॉडर्न सिल्क रूट तैयार किया है। इसके साथ चीन पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर भी बनाया जा रहा है। जानकार यह भी मानते हैं कि चीन की पाकिस्तान में इंटरेस्ट होने की एक बड़ी वजह है, भारत को कंट्रोल करना। चीन भारत से डायरेक्ट संघर्ष नहीं चाहता है। इस वजह से पाकिस्तान में इन्वेस्टमेंट बढ़ा रहा है। इसके अलावा पाकिस्तान के रास्ते चीन गल्फ देशों तक अपनी पहुंच बनाना चाहता है। गल्फ देशों से ऑयल इम्पोर्ट के लिए चीन हिंद महासगार का कोई विकल्प बनाना चाहता है। इस वजह से चीन ने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के रूप में आल्टरनेट रूट डेवलप किया है। अरुणाचल प्रदेश में भारत-चीन सीमा के करीब तवांग कस्बा करीब 17 हजार फीट की ऊंचाई पर मौजूद है। यह जगह रणनीतिक तौर पर बेहद मायने रखती है। तवांग से पूरे अरुणाचल प्रदेश पर नजर रखी जा सकती है। इसी वजह से चीन इसे हथियाने की साजिश रचता रहता है। 1962 के युद्ध में चीन ने तवांग पर कब्जा कर लिया था, हालांकि, संघर्ष विराम के बाद वह पीछे हट गया था, 'क्योंकि तवांग मैकमोहन लाइन या एलएसी के अंदर पड़ता है। तवांग पर चीन की बुरी नीयत की एक वजह यह भी है कि भारत-चीन के बीच बनी एलएसी क्रॉस करने के दो सबसे अहम पॉइंट्स में से तवांग एक है। पहला पॉइंट चंबा घाटी है, जो नेपाल और तिब्बत के बॉर्डर पर है। दूसरी जगह तवांग है, जो चीन और भूटान के जंक्शन पर है। यहां से चीन के लिए पूरे तिब्बत पर नजर रखना बेहद आसान होगा। अरुणाचल प्रदेश के तवांग जिले में चीन और भारतीय सैनिकों की झड़प पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने चीन समस्या के लिए विपक्षी दल कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के संगठन राजीव

### चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"काबिल" "खुशामद" "मैडल" "दुम"

जो काबिल लोग होते हैं खुशामद कर नहीं सकते,<br>मगर नालायकों का तो खुशामद शौक रहता है।<br>जमाने में बड़े मैडल, खुशामद से भी मिलते हैं,<br>अगर तुम दुम हिलाओगे तो मैडल मिल भी सकता है।

# नुमाइश मेले में सामान उठाने को लेकर फिर से शुरू हुई रार

## नुमाइश ठेकेदार पर लगाए गंभीर आरोप दी, भूख हड़ताल की चेतावनी

मुजफ्फरनगर, 13 दिसंबर (बु.)। नगर के मेरठ रोड स्थित नुमाइश मैदान पर सर्दियों में जिला प्रशासन की पहल पर संपन्न हुआ दीपावली मेला एक बार फिर विवादों के घेरे में है। क्षेत्र की जनता को सस्ता एवं स्वच्छ मनोरंजन देने के नाम पर 15 दिन की नुमाइश का आयोजन कराने में भले ही जिला प्रशासन स्वयं को सफल मान बैठा हो, लेकिन 15 दिन का यह मेला कई सवालों के चलते विवादों में सिमट कर रह गया, नुमाइश की चकाचैंध और आरोप-प्रत्यारोप के बीच जिला प्रशासन और नुमाइश ठेकेदार पर सवालिया निशान उठ रहे हैं, जिसमें नुमाइश ग्राउंड में स्वयं को बंधक बनाने का आरोप लगाते हुए दर्जनों लोगों ने स्वयं को बंधक बनाए जाने का आरोप लगाया है और चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्या का समाधान नहीं होता तो मैं भूख हड़ताल को विवश होंगे। दीपावली मेले के नाम पर बीते दिनों जिला प्रशासन की पहल पर मेरठ रोड स्थित नुमाइश ग्राउण्ड में बीते वर्ष की भांति इस बार भी 15 दिन के दीपावली मेले का आयोजन कराया गया था। यह मेला लोगों के स्वस्थ मनोरंजन का बड़ा साधन बनने के साथ घर के मुखिया की जेब पर भारी भी साबित हुआ। इस नुमाइश मेले में दूर दराज से अपनी दुकान लगाने के लिए भी खेल खिलौने और विभिन्न प्रकार के झूले लेकर लोग आये। मंगलवार को नुमाइश मैदान में एक दर्जन झूले वालों ने मीडिया से वार्ता करते हुए नुमाइश ठेकेदार और प्रशासन पर उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान किए जाने के आरोप लगाते हुए तय धनराशि न दिए जाने के साथ उनका सामान भी नहीं उठाने देने के आरोप लगाए। पत्रकारों से वार्ता करते हुए सुशील कुमार मौहम्मद रफी फुरकान अली आदि ने बताया कि वे नुमाइश में ठेकेदार के साथ ही शर्तों के अनुरूप 25 से 40 प्रतिशत टक्के कमीशन बेस पर यहां अपना मैं परिवार का भरण पोषण करने की खातिर कारोबार करने आए थे, जिसमें ठेकेदार और प्रशासन की आपसी विवादों में पिस रहे हैं उनका आरोप है कि बीते 13 दिनों से स्वंय और उनकी लेवर आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं लेकिन उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा है उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की वे इस मामले में उनके बजाएं नुमाइश ठेकेदार पर कार्रवाई करें और उन्हें उनका सामान ले जाने की इजाजत दी जा सके ताकि वें रोजी रोटी के लिए अन्य मेले के लिए प्रस्थान कर सकें। बता दे मुजफ्फरनगर जनपद में मेरठ रोड स्थित नुमाइश ग्राउंड में 15 दिन के दीपावली मेले का बीते 30 नवंबर को उस वक्त ताला जड़ दिया गया था, जब इस नुमाइश की प्रशासन से तय समयावधि पूरी हुई थी तो प्रशासन की शक्ति के चलते मेला भी उजड़ गया। अब यहीं से विवादों का कर्म उस वक्त शुरू हुआ जब इस मेले के खत्म होने के बाद सभी दुकानदार अपना अपना सामान समेटकर नये ठिकाने की ओर चलने लगे, मेला खत्म होने के बाद नया मोड़ तब आया जब नुमाइश ठेकेदार द्वारा शेष धनराशि नुमाइश समिति को जमा कराने मैं विफल होने पर प्रशासन की ओर से मुख्य गेट पर ताला लगाते हुए इन दुकानदारों का सामान उठने नहीं दिया गया। ऐसे में बीते दिनों इन दुकानदारों ने डीएम के नाम दिये प्रार्थना पत्र में बताया था कि वह नुमाइश में खेल खिलौनी, स्पोर्टस का सामान और होटल आदि लगाने का काम कर रोजी रोटी कमाने के लिए आते हैं।





फोटो बुलेटिन नुमाइश मैदान में पत्रकारों से वार्ता करते हुए अपनी बात को रखते मेले के दौरान --दुकान और सामान लगाने वाले दुकानदार तथा मैदान पर वीरान पड़ा बाजार।

## जनता का सच्चा समाजसेवी प्रदर्शित करने का सिलसिला शुरू

खतौली, 13 दिसंबर (बु.)। नगर निकाय चुनाव की तिथि की अभी तक घोषणा न होने के पूर्व से ही नगर के बाजारों व कॉलोनियों में नगर पालिका परिषद के भावी उम्मीदवारों द्वारा अपने बैनर लगाते हुए अपने को जनता का सच्चा समाजसेवी प्रदर्शित करने का सिलसिला शुरू हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद के सम्भावित चुनाव की घोषणा शासन स्तर पर अभी नहीं हुई है निकाय चुनाव को लेकर जहां अभी भी आरक्षण प्रक्रिया पूर्ण नहीं हुई हैं वहीं निकाय चुनाव को लेकर भावी प्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने लंगोट कसकर मैदान में उतरने का दौर जोर पकड़ने लगा है। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के लिए जहां सर्वाधिक भाजपा खेमें में दर्जनों उम्मीदवार मैदान में उतरने को उतावले बनकर जनता की समाजसेवा व धार्मिक कार्यक्रमों में अग्रिम पंक्ति में खड़े दिखाई देते हुए जनता पर डोरे डाल रहे हैं, वहीं भाजपा हाईकमान से अपना टिकट प्राप्त होने के दावे ठोक रहे हैं।

वहीं सभा खेमें में जहां वर्तमान चेयरमैन पुत्रों के नाम चर्चा में बनी हुई है। वहीं कांग्रेस पार्टी की स्थानीय इकाई द्वारा, जहां विगत पन्द्रह दिनों पूर्व ही कांग्रेस नेता नासिर सिद्दिकी पर भावी उम्मीदवार होने की मोहर लगा दी है, वहीं रालोद, बसपा आप आदि राजनैतिक दलों में भी अध्यक्ष पद हेतु कई राजनैतिक लोगों के नाम चार्चा में बने हुए है। शासन द्वारा अभी तक निकाय चुनाव की कोई तिथि की घोषणा न होने से पूर्व ही जहां बाजारों में निकाय चुनाव को लेकर चुनावी चर्चाओं का सिलसिला जोर पकड़ता दिखायी देने लगा हैं। वहीं नगर के कुल 25 वार्डो में अभी से भावी अध्यक्ष व सभासद प्रत्याशियों के फोटोयुक्त पोस्टर बैनर व हॉर्डिंग लगाये जाने का दौर भी गति पकड़ने लगा है। चुनाव की तिथि की घोषणा न होने तथा राजनैतिक दलों द्वारा अपने अधिकृत प्रत्याशियों के नामों पर अभी तक मोहर न लगाने के बावजूद खतौली नगर में नगर पालिका चुानाव का दौर दिखायी देने लगा है। यह तो भविष्य ही बतायेंगा कि चुानाव में किसके नाम पर मोहर लगे तथा किसके सिर पर जीत का सेहरा सजेगा तथा किसकों हार का सामना करना पडेगा।

## रोहाना टोल प्लाजा पर हंगामा, मारपीट व तोड़फोड़ के आरोप में 5 गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 13 दिसंबर (बु.)। रोहाना टोल प्लाजा पर गत दिवस कई कारों में आये दर्जनों युवकों ने टोल मांगने पर जमकर बवाल काटा था और टोल कर्मियों को बुरी तरह से पीटा। आरोपी टोल का बैरियर तोड़कर चले गये थे। इस सम्बन्ध में शहर कोतवाली में 20-25 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर-के जेल भेज दिया है। ज्ञातव्य है कि गत दिवस रोहाना टोल प्लाजा पर तैनात वाराणसी निवासी सुमित सिंह पुत्र अजय कुमार ने बताया था कि रात के समय एक व्यक्ति अपने साथ कई कारों का काफिला लेकर टोल प्लाजा पर पहुंचा और स्वयं को दीदाहेडी का निवासी बताते हुए बगैर टोल दिये जाने की बात कही। जब उक्त व्यक्ति से दीदाहेडी की आईडी मांगी गई तो उसके साथ आये 20-25 लोगों ने टोलकर्मियों पर लाठी डंडों, पत्थरों व बेल्टों से मारपीट शुरू कर दी है। आरोपियों ने रिपोर्टकर्ता का गला दबा दिया और तमंचे के बल पर धमकाते हुए बैरियर तोड़कर चले गये। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने आज इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों ने अपने नाम शाहरूख पुत्र मुर्सलीन, इमरान पुत्र शमशाद व मुजाहिर अली पुत्र मोहम्मद मूसा, निवासीगण ग्राम दीदाहेडी, थाना कोतवाली नगर, जिला मुजफ्फरनगर, गुलबहार पुत्र युसुन अहमद, निवासी भैंसानी, थाना थानाभवन, जनपद शामली व जुबैर अहमद पुत्र इसराईल, निवासी उमाही, थाना नांगल, जिला सहारनपुर बताये। पुलिस ने लिखापढ़ी कर सभी को जेल भेज दिया है।





लेडी ट्यूटर की आवश्यकता है



एक लेडी टीचर की, जो English Medium के 3 व 6 Class के 2 बच्चों को Morning Hours में 3 घंटे, नई मण्डी में रेलवे स्टेशन के पास घर पर आकर पढ़ा सके।

-: अपना बायोडाटा व्हाट्सअप पर भेजें :-

M. 9761653323

## मूँगफली देने से किया इंकार, मारपीट कर किया घायल

भोपा, 13 दिसम्बर (बु.)। मूँगफली देने से इंकार करना नवयुवक को उस समय जानलेवा हो गया, जब आरोपी युवक ने उस पर जानलेवा हमला करते हुए घायल कर दिया। घायल का भोपा सीएचसी पर उपचार कराया गया।पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की माँग जी है। भोपा थाना क्षेत्र के गाँव सीकरी के मजरे योगेन्द्र नगर निवासी आकाश ने थाना पर तहरीर देकर बताया कि सोमवार की शाम वह मजदूरी का कार्य समाप्त कर वापस घर लौट रहा था। गाँव मे पहुँचने पर उसने परचून की दुकान से दस रुपये की मूँगफली उधार खरीद कर जेब मे डाल ली, तभी गांव का ही युवक वहाँ आया तथा उसकी जेब से जबरदस्ती मूँगफली निकालने लगा। ऐसा करने से विरोध करने पर आरोपी व उसके दो साथियों ने लाठी डंडों से वार कर लहूलुहान कर दिया। शोर सुनकर पीड़ित के परिजन उधर दौड़े व आकाश की जान बचाई। घटना को लेकर दो पक्षों में तनाव व्याप्त हो गया। घायल को भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर उपचार के लिये लाया गया। पीड़ित आरोपियों से अपनी जान को खतरा बताते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है।



## युवक को मारपीट कर किया घायल

भोपा, 13 दिसम्बर (बु.)। खेत पर जा रहे युवक को हमलावरों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी निवासी फिरोज ने भोपा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह सोमवार को हाजीपुर अपने खेत पर जा रहा था, तभी उसकी जेब से कागज का टुकड़ा गिर गया, जिसे उठाने के दौरान चार युवक वहां पर पहुंचे, जिन्होने गाली-गलौच कर अकारण ही फिरोज के साथ मारपीट की। किसी प्रकार फिरोज अपनी जान बचाकर बदहवास हालत में घर पहुंचा। जहां ग्रामीणों की भारी भीड इकट्ठा हो गई। नगर पंचायत कार्यालय में चल रही मीटिंग के दौरान पीडित ने थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार सैनी को घटना की जानकारी दी तथा आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## 17 दिन से लापता महिला लौटी

कैराना, 13 दिसम्बर (बु.)। 17 दिन पूर्व लापता हो गई 4 बच्चो की मां वापस कोतवाली पहुंची। महिला के पति ने पूर्व में पुलिस को शिकायत देकर उसके लापता होने के बारे में बताया और उसके द्वारा लापता महिला की गुमशुदगी दर्ज करायी थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार मुजफ्फरनगर के गांव बुढीना कला निवासी एक परिवार गांव झाड़खेड़ी में गन्ने की छौल पर आया हुआ था। वही 26 नवम्बर को एक 4 बच्चो की मां लापता हो गई थी, जिस पर महिला के पति ने कोतवाली में गुमसुदगी दर्ज करायी थी। मंगलवार को उक्त महिला कोतवाली में स्वयं पहुची। सूचना पर महिला का पति व अन्य परिजन भी कोतवाली पहुंच गये। पुलिस मामले में लिखा पढ़ी कर रही है।

## रेप के आरोपी फरार इंस्पेक्टर की तलाश में छापा

भोपा, 13 दिसम्बर (बु.)। लगभग पांच माह पूर्व एक महिला कांस्टेबल ने बागपत जिले के निवासी नीशू तोमर जो सुल्तानपुर के हलियापुर थाने में निरीक्षक के पद पर रहा उसके विरूद्ध दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था, तभी से इंस्पेक्टर नीशू फरार चल रहा है। मामले में नीशू के परिजनों ने पुलिस पर निशू को गायब करने का आरोप भी लगाया था। आरोपी नीशू तोमर की भोपा क्षेत्र के गांव में रिश्तेदारी है। इसी को लेकर हाल ही में सुल्तानपुर एसओजी टीम ने उस की तलाश में छापामारी की थी। एक युवक को हिरासत में भी लिया था। ग्रामीणों के हंगामा के चलते पुलिस युवक से पूछताछ कर छोड़ गई थी। मंगलवार को भी सुल्तानपुर पुलिस भोपा क्षेत्र में पहुंचे और फरार इंस्पेक्टर की तलाश की। सुल्तानपुर पुलिस ने फरार आरोपी इंस्पेक्टर के विरुद्ध पच्चीस हजार का इनाम घोषित होने के थाना आसपास में पोस्टर चस्पा किये। सुल्तानपुर पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

## वर्ल्ड विजन के छात्रों ने पुलिस मॉडर्न स्कूल में कराया अध्यापन कार्य



मुजफ्फरनगर, 13 दिसम्बर (बुस.)। एमजी वर्ल्ड विजन स्कूल में बच्चों में सीखने की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए गतिविधियाँ वास्तव में महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए शुक्रवार व मंगलवार को स्कूल के छात्रों द्वारा पुलिस लाइन माडर्न स्कूल के छात्रों को पढ़ाया गया कि बच्चों में एक-दूसरे के साथ बातचीत करने की आदत विकसित की जा सके। ये सभी कार्य बच्चों में सामाजिक कौशल के विकास की नींव रखते हैं तथा वह सत्य को स्वीकार करने लगता है, जो उसके आगे के सफल जीवन का कारण बनता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मृणालिनी अनंत ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में परिवेश, एकाग्रता और अन्य संबंधित चीजों पर नियंत्रण हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, बदले में उसे इस प्रतिस्पर्धी युग में जीवित रहने के लिए आवश्यक सोच प्रक्रियाओं में शामिल होने में सक्षम बनाते हैं। कार्यक्रम में एसपी क्राइम प्रशांत सिंह, एसएसपी विनीत जायसवाल और विद्यालय की प्रधानाचार्या सुधा शर्मा का विशेष योगदान रहा।

## बम डिस्पोजल टीम ने पटाखे और बारूद को नष्ट किया

कैराना, 13 दिसम्बर (बु.)। एक पखवाड़ा पहले पुलिस द्वारा गाजीपुर में पटाखा फैक्ट्री पकड़ने के दौरान काफी मात्रा में बारूद और पटाखे बरामद किए थे। मंगलवार को सहारनपुर से आई बम डिस्पोजल टीम ने यमुना नदी के किनारे सभी पटाखे और बारूद नष्ट कर दिया।

26 नवंबर को पुलिस ने गाजीपुर में नवाब के घेर पर छापा मारकर पटाखा बनाने की फैक्ट्री पकड़ी थी। पुलिस ने मौके से 20 बोरे फुलझड़ी के पैकेट के बरामद किए थे। एक बोरी के अंदर फुलझड़ी के 180 पैकेट थे। इसके अलावा पुलिस ने 50 किलो काला पाउडर और 12 किलो सफेद पाउडर भी बरामद किया था, जिसे बारूद बताया जा रहा था। पुलिस ने नवाब अली निवासी गाजीपुर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने के साथ ही पकड़े गए पटाखे और बारूद को सुरक्षित स्थान पर रख दिया था।

मंगलवार को पुलिस कांस्टेबल दान सिंह के नेतृत्व में सहारनपुर से बम डिस्पोजल दस्ते की 4 सदस्य टीम कैराना पहुंची। बाद में एसएसआई राजेश कुमार की देखरेख में बम डिस्पोजेबल टीम ने यमुना नदी किनारे सभी पटाखे और बारूद नष्ट कर दिया। कोतवाली प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि सहारनपुर से बम डिस्पोजल टीम को बुलाकर पटाखे और बारूद को जलाकर नष्ट कराया गया है।

### बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र जाहिद व पुत्रवधु बानो पत्नी जाहिद जो आयें दिन मेरे व मेरे परिवार के साथ झगड़ा फिसाद पर उतारू रहते हैं व मेरे व मेरी पत्नी की सेवा व देखभाल नहीं करते हैं और मेरे कहने-सुनने में नहीं है तथा मेरे पुत्र व मेरी पुत्रवधु का चाल चलन ठीक नहीं है।मैं जाहिद व पुत्रवधु बानो को अपनी चल-अचल सम्पत्ति व अपने व अपने परिवार से बेदखल करता हूँ।वे अपने अच्छे बुरे कार्य व लेन-देन के प्रति स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का जाहिद व पुत्रवधु बानो से कोई मतलब वास्ता नहीं है और न ही भविष्य में होगा।

**नवाब पुत्र रसीद**<br>निवासी : ग्राम परासौली, थाना बुढ़ाना, तहसील बुढ़ाना, जिला मुजफ्फरनगर

## दूसरे दिन छात्राओं को फैब्रिक पेंटिंग सिखाई

मुजफ्फरनगर, 13 दिसम्बर (बुस.)। संकल्प वेलफेयर ट्रस्ट (रजि.) द्वारा आयोजित आर्य कन्या इंटर कॉलेज में दो दिवसीय स्वावलंबन शिविर में आज दूसरे दिन छात्राओं को फैब्रिक पेंटिंग सिखाई गई। आर्टिस्ट साक्षी सिंह वाल ने छात्राओं को "आओ करके सीखे" सिद्धांत पर पेंटिंग्स की बेसिक जानकारी दी तथा प्रैक्टिकली बच्चों को पेंटिंग करके दिखाई। साक्षी सिंहवाल ने बताया कि आज के समय में कला के क्षेत्र में रोजगार के बहुत अवसर हैं, जिसमें फैशन डिजाइनिंग में विभिन्न प्रकार की परिधान पेंटिंग में सृजनात्मकता इसे और भी अधिक आकर्षक बना सकती है। आज के शिविर के द्वितीय सत्र में मुजफ्फरनगर की प्रतिष्ठित ब्यूटीशियन रेनू सिंह ने छात्राओं को "ब्यूटी एंड वैलनेस" विषय पर बहुत ही उपयोगी टिप्स दिए। उन्होंने छात्राओं को हल्दी, एलोवेरा चावल स्क्रब, शहद ,मसूर की दाल एवं मुल्तानी मिट्टी के प्रयोग से अपनी स्किन की देखभाल करने का तरीका लाइव करके दिखाया। साथ ही छात्राओं स्वस्थ स्किन के लिए अधिक पानी पीने तथा पोषक तत्वों से पूर्ण संतुलित आहार लेने एवं नियमित रूप से योगा करने की सलाह दी। आज के दोनों सत्र छात्राओं के लिए बहुत ही उपयोगी रहे। इस कार्यक्रम की सूत्रधार सुचित्रा सैनी ने बताया कि उनका यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावशाली कदम साबित होगा। संकल्प वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष सतेन्द्र सैनी ने बताया की आज के समय में आत्मनिर्भरता की उपयोगिता को दृष्टिगत रखते हुए स्वावलंबन कौशल विकास बहुत आवश्यक है। विद्यालय की प्रधानाचार्य कुसुम लता ने कार्यक्रम प्रभारी टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया।



शोक संदेश



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी धर्मपत्नी श्रीमती सरोज देवी का स्वर्गवास दिनांक 12 दिसम्बर 2022, दिन सोमवार को हो गया है। ईश्वर की ऐसी ही इच्छा थी। शोक सभा दिनांक 15 दिसम्बर 2022, दिन गुरूवार को स्थान : जैन औषधालय, प्रेमपुरी, मुजफ्फरनगर पर निम्न कार्यक्रमानुसार होनी निश्चित हुई है।

ब्रह्मभोज .... दोपहर 12 से 2 बजे<br>श्रद्धांजलि .... दोपहर 2 से 3 बजे

—शोकाकुल परिवार—

जय प्रकाश आजाद एड. (पति)<br>कैलाश चंद एड., मनेश कुमार एड. (देवर)<br>प्रद्युम्न कुमार एड., संजीव गुप्ता,<br>आलोक कुमार एड., डॉ. मनोज कुमार गुप्ता<br>एवं समस्त 52 प्रेमपुरी परिवार

सम्पर्क सूत्र :- 9358408255 आलोक कुमार<br>9119721234 प्रद्युम्न कुमार

शोक संदेश

23-01-1959 04-12-2022



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पिता श्री तिलकराम जी का आकस्मिक निधन दिनांक 04 दिसम्बर 2022, दिन रविवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। शोक सभा आज दिनांक 14 दिसम्बर 2022, दिन बुधवार स्थान : आशीर्वाद बैंकट हॉल, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर पर होगी।

ब्रह्मभोज .... 12:00 बजे दोपहर<br>रस्म पगड़ी .... 2:00 बजे दोपहर

—शोकाकुल परिवार—

सुन्दरलाल-सीमा रानी, रोशन लाल-बबीता रानी (भाई-भाभी)<br>देवांश, ऋषभ, अनुज (भतीजे), आकांक्षा, रिचा (भतीजी)<br>अभिषेक कुमार-शिल्पा (पुत्र-पुत्रवधु)<br>स्वाति रानी-अभिषेक कुमार (पुत्री-दामाद)<br>अर्णव, अंशिका (पौत्र, पौत्री), मायरा, कबीर (धेवती, धेवता)

निवास : 186/14सी, गली नं. 4, आर्यपुरी, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.)<br>मोबाइल : 9837095081, 9917325309

## एसएसपी ने 18 निरीक्षक-उपनिरीक्षक व कई चौकी प्रभारियों के किये तबादले

**मुजफ्फरनगर, 13 दिसम्बर (बु.)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने देर रात्रि में 18 निरीक्षकों, उपनिरीक्षक व कई चौकी प्रभारियों के तबादले कर दिए हैं। तबादला सूची के अनुसार खतौली से निरीक्षक सुखबीर सिंह अपराध शाखा, ब्रजभूषण शर्मा अपराध शाखा से अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक पुरकाजी थाना, निरीक्षक दिनेश कुमार को अपराध शाखा से प्रभारी विशेष जांच प्रकोष्ठ, निरीक्षक ज्ञान प्रकाश को प्रभारी विशेष जांच प्रकोष्ठ से अपराध शाखा, थाना खतौली पर तैनात उपनिरीक्षक अनिल राघव को चौकी यातायात से चौकी भूड प्रभारी, भूपेन्द्र कुमार कर्दम को थाना खतौली से चौकी भंगेला प्रभारी, नन्द किशोर को पुलिस लाइन से थाना खतौली, कुंवरपाल सिंह को पुलिस लाइन से थाना खतौली, जुगल किशोर को पुलिस लाइन से थाना खतौली भेजा गया है। इसी प्रकार एसआई विक्रम सिंह को वाचक एसपी सिटी से जानसठ कोतवाली, सुखबीर सिंह महिला थाना से वाचक एसपी सिटी बनाया गया है।

## घर के बाहर खड़े व्यक्ति को तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर

**मुजफ्फरनगर, 13 दिसम्बर (बु.)।** नई मंडी थाना क्षेत्र के गांव पचैंडा कलां में घर के बाहर खड़े हुए व्यक्ति के तेज रफ्तार से आये वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया, जहां से उसे हायर सेंटर के लिये रैफर कर दिया गया। नई मंडी थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में विनित पुत्र पदम सिंह ने बताया कि उसके पिता अपने घर के बाहर खड़े हुए थे। रिपोर्टकर्ता ने आरोप लगाया कि गांव का ही शुभम पुत्र बालेन्द्र अपनी गाड़ी को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए वहां आया और घर के बाहर खड़े हुए उसके पिता जी को टक्कर मार दी, जिससे उसके पिताजी गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायल को उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया, जहां से उसे हायर सेंटर के लिये रैफर कर दिया गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत, दो घायल

**बुढ़ाना, 13 दिसंबर (बु.)।** तेज रफ्तार एक पल्सर बाइक पर सवार तीन किशोर आगे-आगे चल रहे एक ओवर लोडिंग 18 टायरा ट्रक की पीछे की ओर टक्कर लगने से गिर गये, जिसमें एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में भिजवाया, जहां पर दोनों घायलों को मुजफ्फरनगर के लिए रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला करबला रोड निवासी मिस्त्री इरशाद पुत्र शमशेर जोगी अपने मौहल्ले के ही फिरोज पुत्र शौकत और शाहनवाज पुत्र शफीक के साथ एक पल्सर बाइक पर सवार होकर घर से बड़ौत रोड की ओर जा रहे थे। जब वे भारद्वाज हास्पिटल के पास डीएवी इंटर कॉलेज बुढ़ाना के बाहर आए तो आगे आगे चल रहे एक 18 टायरा ट्रक से उनकी बाइक जोरदार तरीके से टकरा गई। जिसमें एक युवक का भेजा उड गया जबकि दो युवक घायल हो गए। किसी की सूचना पर बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार शर्मा और बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार दल बल सहित मौके पर पहुंचे और तीनों युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने मिस्त्री इरशाद को मृत घोषित कर दिया। मृतक आज ही हिमाचल प्रदेश से आया था। घटना को लेकर मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

## यूपी के नतीजों पर अमित शाह, जेपी नड्डा और योगी आदित्यनाथ ने की अहम बैठक

**नई दिल्ली, 13 दिसंबर (वार्ता)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अहम बैठक की। इस दौरान यूपी में स्थानीय निकाय चुनावों सहित आगामी चुनावों के लिए पार्टी की तैयारियों पर चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक बैठक नड्डा के आवास पर हुई। बैठक में पार्टी के महासचिव बीएल संतोष सहित अन्य संगठनात्मक नेताओं ने भाग लिया। प्रदेश में हालिया उपचुनाव के नतीजे पार्टी के लिए मिले-जुले रहे, क्योंकि वह खतौली विधानसभा सीट सपा समर्थित रालोद से हार गई। रामपुर में जरूर भाजपा ने सपा से सीट छीन ली। सपा मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र के अपने गढ़ को बनाए रखने में भी सफल रही।

## हाईकोर्ट में नियुक्ति के लिए पांच न्यायाधीशों के नाम की सिफारिश

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति की सिफारिश करने वाले पांच न्यायाधीशों में न्यायमूर्ति पंकज मिथल (राजस्थान हाईकोर्ट) न्यायमूर्ति संजय करोल (पटना हाईकोर्ट), न्यायमूर्ति पीवी संजय कुमार (मणिपुर हाईकोर्ट), अहसानुद्दीन अमानुल्लाह (पटना हाईकोर्ट) और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा (इलाहाबाद हाईकोर्ट) शामिल हैं।

### शेष : कार्यकाल समाप्त होते..

निकायों का कार्यकाल शपथ ग्रहण के बाद पहली बैठक से पांच साल के लिए माना जाएगा। पहली बैठक की तिथि से प्रशासकीय व्यवस्था लागू कर दी जाएगी। नगर निगमों में नगर आयुक्त और पालिका परिषद व नगर पंचायतों में अधिशासी अधिकारियों को कार्य संचालन का दायित्व सौंपा जाएगा। अमृत अभिजात के मुताबिक प्रशासक बैठाए जाने के दौरान बोर्ड की भूमिका सलाहकार के तौर पर होगी। वे बहुमत के आधार पर अधिशासी अधिकारी या नगर आयुक्त को परामर्श दे सकेंगे, जोकि बाध्यकारी नहीं होंगे। हालांकि निकायों की कार्यकारिणी समिति के पास नागरिक सुविधाओं का पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी होगी। इसके लिए कार्यकारिणी समिति के सदस्यों को कोई पारिश्रमिक, मानदेय या भत्ता नहीं दिया जाएगा। नगर पालिका परिषदों व नगर पंचायतों के संबंध में यह दायित्व निकाय बोर्ड के पास होगा। नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों में खातों का संचालन अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी के दस्तखत से होता है। अध्यक्ष के न रहने पर यह काम अधिशासी अधिकारी व केंद्रीयत सेवा के वरिष्ठतम लेखा अधिकारी संयुक्त हस्ताक्षर से करेंगे। केंद्रीयत सेवा के अधिकारी की तैनाती न होने की स्थिति में वहां लेखा का काम देखने वाले कर्मी को दिया जाएगा। अधिशासी अधिकारी कर्मचारी को नामित करेगा। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि संयुक्त हस्ताक्षर की इस व्यवस्था के तहत ही नगद निकाला जाएगा। चेक भी सभी औपचारिकता पूरी करने के बाद दिए जाएंगे। बहरहाल जिस जोरो शोरों से निकाय चुनावों की तैयारी की बात की जा रही थी, उसमें यह शासनादेश उन उम्मीदवारों की धड़कनें बढ़ाने के लिए पर्याप्त हैं जो टिकट की दावेदारी में हैं या फिर निर्दलीय रूप से मैदान में कूदने के लिए खुले हाथों से पैसा खर्च कर रहे हैं।

# छपार प्रधान पद की मतगणना पर लगी रोक

- एडीजे ने एसडीएम के आदेश पर अमल 22 दिसंबर तक रोका
- मनोज त्यागी के प्रार्थनापत्र पर आदेश को जुबैर ने दी थी चुनौती

**मुजफ्फरनगर,13 दिसंबर (बु.)।** जिला अदालत ने उपजिलाधिकारी सदर के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें छपार ग्राम प्रधान के चुनाव के लिए हुए मतदान की पुनर्मतगणा की 15 दिसंबर को कराने के आदेश दिए गए थे। कोर्ट ने इस मामले में आदेश जारी करते हुए एसडीएम के आदेशों के क्रियान्वयन पर 22 दिसंबर तक के लिए रोक लगाई है।

हाईकोर्ट के आदेश के बाद उपजिलाधिकारी सदर ने छपार ग्राम प्रधान के चुनाव परिणाम में पराजित घोषित उम्मीदवार मनोज त्यागी की गड़बड़ी की शिकायत को देखते हुए 15 दिसम्बर को उक्त मतदान की पुनः मतगणना कराने के आदेश दिये थे। उपजिलाधिकारी सदर के इन आदेशों को निर्वाचित घोषित प्रधान जुबैर ने चुनौती देते हुए अपर जिला जज कोर्ट संख्या तीन में याचिका दायर करते हुए रिकाउंटिंग के आदेश त्रुटिपूर्ण तरीके से पारित बताते हुए प्रतिवादी मनोज कुमार द्वारा मैनुप्लेट प्रपत्रों के आधार पर पुनर्मतगणना कराकर निर्णय को प्रभावित करने की कोशिश करने की आशंका जताई। इसमें दावा किया गया है कि मनोज की ओर से दाखिल प्रपत्र 45 और 46 की सत्य प्रतिलिपियों में निर्वाचन कार्यालय से ग्राम छपार में प्रधान पद के उम्मीदवारों को मिले मतों में रिवीजनकर्ता को 1862 वोट मिलना दर्शाया गया है। इससे जाहिर है कि मतगणना अधिकारियों ने अनियमितता करते हुए रिकॉर्ड में रिवीजनकर्ता को जिताने के उद्देश्य से अनियमितता कर रिकॉर्ड तैयार किया गया है। इसमें यह भी आरोप लगाया गया है कि मनोज त्यागी ने मिलीभगत करके अपना नाम राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करा लिया। इसमें प्रपत्र 56 को संदिग्ध रूप से फर्जी बताते हुए कहा गया है कि इस पर किसी निर्वाचन अधिकारी के हस्ताक्षर भी नहीं हैं। इसमें दोनों पक्षों को सुनने के बाद अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट संख्या तीन गोपाल उपाध्याय ने मनोज कुमार बनाम जुबैर आदि के संबंध में उपजिलाधिकारी सदर द्वारा उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1947 में पारित आदेश के क्रियान्वयन पर 22 दिसंबर तक रोक लगा दी है। इस मामले में अन्य पक्षों को भी नोटिस जारी करते हुए साक्ष्य प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए हैं। इससे पूर्व मनोज की याचिका में कहा गया था कि छपार में कुल 15 वार्ड हैं, जिनमें मतदाताओं की संख्या 9985 है। 2021 के चुनाव में यहां 6534 मतदाताओं ने वोट डाले थे। आरोप है कि मतदान के बाद बक्सों को मोहरबंद करते हुए भी नियमों का पालन नहीं किया गया। याचिकाकर्ता का कहना है कि 2 मई को मतगणना पूर्ण होने पर उसे 1867 और विपक्षी जुबैर को 1843 वोट मिलने के बाद उसे 24 मतों से विजयी घोषित कर दिया गया था। इसमें वोटों की गिनती में हेराफेरी के आरोप लगाए गए थे।

## चीन से तनाव के बीच अरुणाचल पर वायुसेना की नजर

**नई दिल्ली, 13 दिसंबर (वार्ता)।** 9 दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर से सटे बॉर्डर पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच झड़प हुई थी। चीन अपने नापाक इरादों की चालबाजी दिखाते हुए अपने 300 सैनिकों को यांगत्से इलाके में भारतीय पोस्ट को हटाने भेजा, लेकिन भारतीय सैनिकों के आगे चीनी सैनिकों की चालाकी नहीं चल पाई। भारतीय सैनिकों ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए उनके नापाक इरादों को कामयाब नहीं होने दिया। बता दें कि हालिया संघर्ष से पहले चीनी ड्रोन ने अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा (छअउ) में घुसपैठ की भी कोशिश की थी, जिसके बाद भारतीय सेना सकते में आ गई और किसी भी तरह के उल्लंघन को रोकने के लिए लड़ाकू विमानों को तैनात करना पड़ा। भारतीय वायु सेना अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में यथास्थिति बदलने की पिछले हफ्ते 9 दिसंबर को की गई चीनी सैनिकों की एकतरफा कोशिश के बाद राज्य में वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास हालात पर करीब से नजर रख रही है। इस घटनाक्रम की इससे जुड़े अधिकारियों ने मंगलवार को जानकारी दी। वहीं संसद में इसे लेकर बड़े पैमाने पर विपक्ष के विरोध के बीच, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को संसद को बताया कि चीन के सैनिकों ने नौ दिसंबर को तवांग सेक्टर में यांग्त्से क्षेत्र में यथास्थिति बदलने का एकतरफा प्रयास किया जिसका भारत के जवानों ने दृढ़ता से जवाब दिया और उन्हें लौटने के लिए मजबूर किया। अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प के मुद्दे पर पहले लोकसभा एवं बाद में राज्यसभा में दिए बयान में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, 'इस मुद्दे को चीनी पक्ष के साथ कूटनीतिक स्तर पर भी उठाया गया है और इस तरह की कार्रवाई के लिए मना किया गया है। रक्षा मंत्री ने अपने बयान में बताया, 'हमारे किसी भी सैनिक की मौत नहीं हुई या गंभीर रूप से घायल नहीं हुए।'

## निकाय चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा तैयारियां अभी से शुरू

- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण, आवश्यक दिशा-निर्देश दिये

**मुजफ्फरनगर, 13 दिसम्बर (बु.)।** निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का गहनता के साथ निरीक्षण किया तथा वहां मौजूद पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने आज निकाय चुनावों को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिये सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत डीएवी इण्टर कॉलेज एवं चौधरी छोटूराम इण्टर कॉलेज स्थित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी डॉ. रवि शंकर, थाना प्रभारी सिविल लाइन सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सुरक्षित एवं शान्तिपूर्ण मतदान कराने के लिए मतदान केन्द्रों पर बिजली, पानी



की उचित व्यवस्था, चिन्हित स्थानों पर बैरीकैडिंग करने, मतदान केन्द्रों के आसपास असामाजिक तत्वों पर निगरानी, चुनाव के दौरान पूर्ण मनोयोग व पूरी गम्भीरता, निष्पक्षता और तटस्थता से ड्यूटी का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया। एसएसपी विनीत जायसवाल ने वहां उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि निष्पक्ष, शांतिपूर्वक एवं सुरक्षित मतदान कराने हेतु चुनाव आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन का शत-प्रतिशत पालन किया जाये।

## 2013 दंगे के आरोपी कोर्ट में हुए पेश

- पिता की हत्या के बाद बीजेपी नेता जोगेन्द्र वर्मा पर भी हुआ था मुकदमा दर्ज
- तत्कालीन सपा सरकार पर फर्जी मुकदमा दर्ज करने का लगाया आरोप



दंगा प्रकरण में कोर्ट में पेश होने पहुंचे जोगेन्द्र वर्मा

**मुजफ्फरनगर, 13 दिसम्बर (बु.)।** वर्ष 2013 में हुए सांप्रदायिक दंगे के दौरान दर्ज हुए एक मुकदमे के मामले में मंगलवार को 9 आरोपी कोर्ट में पेश हुए, जिसमें गवाहों के कोर्ट में पेश ना होने के कारण जज ने अगली तारीख 7 जनवरी नियत कर दी है।

जनपद में वर्ष 2013 में कवाल कांड के बाद नंगला मंदौड़ में हुई पंचायत खत्म होने के बाद जैसे ही लोग अपने-अपने घरों को जा रहे थे, तभी थाना भोपा क्षेत्र के जोली में गंगनहर पटरी पर घात लगाए बैठे सम्प्रदाय विशेष के लोगों ने पंचायत से वापस लौट रहे लोगों पर हमला बोल दिया था, जिसमें 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जिनके शव गंग नहर से कई दिन बाद बरामद किए गए थे, जबकि कई लोग इस हमले में गंभीर रूप से घायल हुए थे। उस हमले में दर्जनों ट्रैक्टर भी जलाए गए थे। इस घटना में थाना भोपा क्षेत्र के गांव भोकरहेड़ी निवासी किसान सोहनवीर सिंह की भी हत्या हुई थी, जिसका शव गंग नहर से 3 दिन बाद बरामद हुआ था। इस घटना में मृतक किसान सोहनवीर सिंह के पुत्र जोगेंद्र वर्मा द्वारा मुकदमा लिखवाया गया था। आरोप है कि तत्कालीन सरकार द्वारा बदले की भावना से उल्टा सोहनवीर सिंह के पुत्र जोगेंद्र वर्मा सहित 16 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज लिखवा दिया गया था। उक्त मुकदमे की तारीख पर जोगेंद्र वर्मा सहित 9 लोग आज कोर्ट में पेश हुए, लेकिन गवाहों के पेश न होने के कारण जज ने इस मुकदमे की सुनवाई के लिये अगली तारीख 7 जनवरी नियत की है।

## खतरनाक दम घोटू धुएं से क्षेत्र में फैली सनसनी

**भोपा, 13 दिसम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र के कस्बा भोपा में मंगलवार शाम गंगनहर के किनारे डाले गए कोल्ड स्टोर के कचरे में लगी भयंकर आग के बाद उठे धुंए के गुब्बार से आसमान में काले बादल छा गए। जहरीले धुएं के कारण ग्रामीणों का सांस लेना मुश्किल हो गया, वहीं वन विभाग के दर्जनों पेड़ भी झुलसकर खराब हो गए। ग्रामीणों ने वन विभाग की भूमि में कचरा डालने व उसमें आग लगाने वालों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है। भोपा कस्बे के गंगनहर पटरी व राजवाहे के बीच डाले गए कचरे में मंगलवार देर शाम किन्ही कारणों से भयंकर आग लग गयी। आग लगने के कारण जहरीले धुएं का गुब्बार कस्बे में चारों ओर फैल गया, जिससे ग्रामीणों को सांस लेना मुश्किल हो गया, जिसके बाद ग्रामीण गंगनहर की ओर दौड़ पड़े। जहां पर वन विभाग के पेड़ों और बांसों में भयंकर आग लगी हुई थी। आग लगने के कुछ ही देर में जहरीला धुंआ आबादी में चारों ओर फैल गया, जिसके कारण ग्रामीण सांस लेने में परेशानी महसूस करते नजर आए, वहीं वन विभाग के दर्जनों कीमती पेड़ भी आग की भेंट चढ़ गए। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि उक्त स्थान पर कोल्ड स्टोर की शीटों से निकलने वाला थर्माकोल आदि डाला जाता है, जिसमे देर शाम अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी। ग्रामीणों ने कचरा डालने व उसमें आग लगाने वालों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है।



# ज्ञापन देने पहुंचे व्यापारी तो गायब मिले अफसर

मुजफ्फरनगर, 13 दिसंबर (बु.)। छापों के विरोध में ज्ञापन देने पहुंचे व्यापारियों को जीएसटी अधिकारी नदारद मिले। बाद में व्यापारियों के अड़ने पर पहुंचे अधिकारी ने उनका ज्ञापन लिया।

व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश से जुड़े व्यापारी आज प्रातः 12 बजे टाउन हॉल स्थित जीएसटी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष शलभ गुप्ता और जिला महामंत्री जनार्दन विश्वकर्मा के नेतृत्व में ज्ञापन देने पहुंचे थे। लेकिन वहां अधिकारी कुर्सी से गायब मिले। व्यापारी अधिकारी को बुलाने की मांग को लेकर वहीं जमकर बैठ गए। इसके बाद अधिकरी ने अपना प्रतिनिधि भेज ज्ञापन प्राप्त किया और व्यापारियों को शीघ्र उनकी समस्याओं का निदान करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन में मांग की गई है कि जो व्यापारी पहले से ही पंजीकृत हैं ऐसे व्यापारियों को सर्वे के नाम पर उत्पीड़न ना किया जाए उनके द्वारा पूर्व में ही सरकार को राजस्व दिया जा रहा है। अगर किसी व्यापारी के खिलाफ शिकायत भी मिलती है तो उसे नोटिस देकर आप जुर्माना वसूल कर सकते है। जिन व्यापारियों का सालाना टर्नओवर 40 लाख से कम है उन्हे पंजीकरण के नाम पर उत्पीड़न ना किया जाए। जीएसटी विभाग द्वारा व्यापारी वर्ग के खिलाफ की जा रही उत्पीड़नात्मक कार्यवाही को अविलंब रोका जाए और अपंजीकृत व्यापारी की पहचान करने के लिए अगर सर्वे कराना भी है तो क्लर्क लेवल के अधिकारी से सर्वे कराएं, जिससे उसके अंदर सर्वे के नाम का को भय आ गया है उसे समाप्त किया जा सके। व्यापारी को नोटिस के माध्यम या शिविर लगाकर रजिस्ट्रेशन कराने को बाध्य कर सकते हैं। इसमें व्यापार मंडल सहयोग करेगा। ज्ञापन देने वालों में शलभ गुप्ता जिलाध्यक्ष, जनार्दन विश्वकर्मा जिला महामंत्री, जिला उपाध्यक्ष दीपक मित्तल, जिला सचिव विपिन गुप्ता, नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, नगर महामंत्री विजय बाटा, नगर उपाध्यक्ष जयकुमार अरोरा, नगर उपाध्यक्ष पवन सिंघल, प्रवीण तायल सदर बाजार इकाई अध्यक्ष, अंकुर गोयल महामंत्री सदर बाजार, अक्षित अग्रवाल उपाध्यक्ष सदर बाजार, देवेश गर्ग कोषाध्यक्ष सदर बाजार, संजय गुप्ता, अमित जैन, शिवा सिंघल, अमित अरोरा, लवी गोयल,तपन गर्ग, मयंक बंसल, अमित शील, कपिल अरोरा, राजू जैन, सचेंद्र कुमार, मनीष कुमार, वीरेंद्र पेन वाले, सेवा राम गर्ग, तरुण सौदे और मोहमद याकूब आदि व्यापारी मौजूद रहे।



जीएसटी छापों के विरोध में ज्ञापन देते व्यापारी

## प्रेमी युगल ने जहर खाकर दी जान, खेत में पड़े मिले शव

फतेहपुर, 13 दिसम्बर (वार्ता)। फतेहपुर जिले में गाजीपुर के खेसाहन गांव में मंगलवार सुबह अनुसूचित जाति की युवती और ब्राह्मण युवक के शव खेत में पड़े मिले। पुलिस जांच में सामने आया कि युवक और युवती में प्रेम संबंध थे और इनकी जाति शादी में आड़े आ रही थी। इसी वजह से दोनों जहर खाकर जान दे दी। पुलिस को मौके से जहर के दो पाउच मिले हैं। गाजीपुर थाना क्षेत्र के खेसाहन गांव का रहने वाला भीरू दुबे (22) ट्रक चालक था। उसका पड़ोस में रहने वाली अनुसूचित जाति की मीना देवी (18) से प्रेम प्रसंग था। भीरू के चाचा सचिन दुबे का गांव के बाहर नलकूप है। नलकूप के बगल में गेहूं के खेत पर भीरू और मीना का शव ग्रामीणों ने देखा। शव कीचड़ से सने हुए थे। यह देखकर अंदाजा लगाया गया कि जहर खाने के बाद दोनों तड़पते हुए खेत के अंदर पहुंचे होंगे। घटना की जानकारी सचिन ने परिवार को दी। दोनों पक्षों के लोग और पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों परिवारों ने बताया कि वे लोग घरों में रात करीब 12 बजे तक जागते रहे हैं। इस समय तक भीरू और मीना घर में थे। उनके सोने के बाद ही दोनों घर से निकले होंगे। परिवार के लोग प्रेम संबंध की जानकारी न होने की बात कह रहे हैं। थानाध्यक्ष आनंद पाल भदौरिया ने बताया कि भीरू और मीना के बीच प्रेम प्रसंग होने की जानकारी सामने आई है। शादी में जाति की बाधा आने से आत्महत्या की है। मौके पर जहर के खाली दो पाउच मिले हैं। इसके अलावा भीरू की जैकेट की जेब से जहर के दो भरे पाउच भी मिले हैं।

## चाचा-भतीजे पर जानलेवा हमला

**मुजफ्फरनगर, 13 दिसम्बर (बु.)।** मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव पुरबालियान में कुछ लोगों ने चाचा-भतीजे पर जानलेवा हमला करके उन्हें गम्भीर रूप से घायल कर दिया। इस सम्बन्ध में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

मंसूरपुर थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में गांव पुरबालियान निवासी मोहसिन पुत्र युसुफ ने बताया कि ग्राम प्रधान शौकत, उसके भाई साहिल व चाचा कल्लू को जेसीबी से नाले की सफाई कराने के लिये ले गया था। जिस समय उसका चाचा और भाई जेसीबी से नाले की गंदगी निकाल रहे थे, तभी गांव का ही नसीम भैंसा बोगी लेकर वहां आया और रास्ते से जेसीबी हटाने को कहा। थोड़ी देर इंतजार करने के लिये कहने पर नसीम ने गाली गलौच शुरू कर दी। उस समय कुछ लोगों ने मामले का निस्तारण करा दिया। पीड़ित ने बताया कि जब उसका चाचा और भाई अपनी-अपनी बाइक पर सवार होकर घर वापस लौट रहे थे, तभी रास्ते में नसीम ने अपने परिवार के शमीम, इशा, सोनू व इरशाद के साथ उन दोनों को रोक लिया और उन पर लाठी डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर कर उन्हें घायल कर दिया तथा उनकी बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया। चीख पुकार पर आये कुछ लोगों ने उसके भाई व चाचा की जान बचाई। घायलों को उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है।

## सीजेआई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में छह सदस्यीय कॉलेजियम की हुई बैठक

**नई दिल्ली, 13 दिसंबर (वार्ता)।** बॉम्बे हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस जज दीपांकर दत्ता द्वारा सुप्रीम कोर्ट के जज के तौर पर सोमवार को शपथ लेने के बाद सीजेआई डीवाई चंद्रचूड के नेतृत्व में छह सदस्यीय कॉलेजियम ने मंगलवार को पहली बार बैठक की। बैठक के दौरान, कॉलेजियम ने तीन हाई कोर्ट में स्थायी मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की। करीब दो घंटे तक चली कॉलेजियम की बैठक में कई नामों पर विचार-विमर्श किया गया। उच्च न्यायालयों के लिए न्यायाधीशों के नाम तय करने वाले शीर्ष तीन न्यायाधीशों वाले कॉलेजियम ने केंद्र को झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति संजय मिश्रा के नाम की सिफारिश की है। वहीं, कॉलेजियम ने जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति एन कोटेश्वर सिंह और बॉम्बे हाई कोर्ट के जस्टिस के विनोद चंद्रन को गुवाहाटी हाई कोर्ट में चीफ जस्टिस के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश का प्रस्ताव दिया है।

## बीसीआई ने ओडिशा के 43 वकीलों को किया निलंबित

**नई दिल्ली, 13 दिसंबर (वार्ता)।** बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ओडिशा के 43 वकीलों को निलंबित कर दिया। बीसीआई ने वकीलों को ओडिशा में राज्य हाईकोर्ट की स्थायी पीठ की स्थापना की मांग सहित अन्य मुद्दों पर तोड़फोड़ करने के आरोप में निलंबित कर दिया है। बार काउंसिल ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि निलंबन तत्काल प्रभाव से 18 महीने की अवधि के लिए है। विज्ञप्ति में कहा है कि बीसीआई के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा ने संबलपुर जिला बार एसोसिएशन के सभी सदस्यों को यह कहते हुए अगले आदेश तक निलंबित कर दिया है कि उनका आचरण पेशेवर आचरण और शिष्टाचार के खिलाफ है। वकीलों ने बीसीआई के खिलाफ नारेबाजी की और न्यायाधीशों के पुतले जलाए।

## पश्चिम बंगाल में विश्व भारती विश्वविद्यालय के कुलपति पर हमला

कोलकाता। विश्व भारती विश्वविद्यालय के कुलपति आवास पर दोपहर 2.45 बजे हमला हुआ। हमले के बाद चीफ मेडिकल ऑफिसर, पीएम अस्पताल से डॉक्टरों को विद्युत चक्रवर्ती के आवास पर भेजने की अपील की गई। हमलावरों पर कानून के मुताबिक सख्त कार्रवाई की मांग की गई। भाजपा ने हमले के लिए सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है।

## मास्टर विजय सिंह को दिल्ली में मिला " भीम योद्धा अवार्ड "

**मुजफ्फरनगर ।** जम्मू कश्मीर की पैंथर्स पार्टी के अध्यक्ष स्वर्गीय प्रोफेसर स्वर्गीय भीम सिंह की स्मृति में " भीम योद्धा अवार्ड " प्रारंभ किया गया है। सबसे पहला पुरस्कार 27 साल से दुनिया के सबसे लंबे धरने पर धरने पर बैठे मास्टर विजय सिंह को पूर्व जज ओ पी सपरा व भीम ब्रिगेड के संरक्षक सुशील खन्ना व अध्यक्ष राजीव खोसला के द्वारा दिल्ली में गांधीनगर के एसएसएस स्टूडियो में दिया गया। यह पुरस्कार गरीब जनता के लिए जो व्यक्ति न्याय व अधिकार की की लड़ाई लड़ता उसे दिया जाता है।




## प्यार में अंधी मां चार साल के इब्राहिम को छोड़ गई थी लावारिस

- महावीर चौक से मिले बालक को पुलिस ने पिता को किया सुपुर्द
- प्रेमी के साथ भागते समय मासूम बालक इब्राहिम को छोड़ गई थी मां

**मुजफ्फरनगर, 13 दिसम्बर (बु.)।** प्यार में अंधी हुई मां अपने चार साल के बालक को लावारिस छोड़कर प्रेमी के साथ फरार हो गई। सिविल लाईन थाने में कई घंटें बैठे रहे बालक इब्राहिम को मीडिया के प्रयासों से पिता का साया मिल गया। बेटे के मिलने से गदगद् पिता ने उसकी मां की जो कहानी बताई, वो रोंगटे खड़े करने वाली थी। जिस प्रेमी को दुष्कर्म में जेल भिजवाया, बाद में उसी के साथ फरार हो गई।

शहर के महावीर चौक पर सोमवार को चार साल का बालक लावारिस अवस्था में मिला था। पुलिस उस बालक को सिविल लाइन थाने ले आई। मीडिया के जरिए उसकी फोटोग्राफ और वीडियो वायरल कराई, तो उसकी पहचान कराने में देर नहीं लगी। देर रात बालक के पिता सलमान बेटे की खबर मिलते ही थाने आ गये। पिता की गोद में पहुंचते ही बालक इब्राहिम का चेहरा खिल गया। पुलिस के मुताबिक सलमान सठेड़ी गांव का रहने वाला है। सलमान ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी सोमवार को घर से कोर्ट में तारीख होने का बहाना करके निकली थी। साथ में बेटे इब्राहिम को भी लाई थी। सलमान भी किसी अन्य काम से मुजफ्फरनगर आया हुआ था। इसी बीच सलमान ने अपनी बीवी को उसके प्रेमी के साथ देखा, तो वह उनके पीछे लग गया, लेकिन कुछ देर बाद दोनों उसकी आंखों से ओझल हो गये। इसी बीच उसकी पत्नी बेटे को महावीर चौक पर छोड़कर चली गई। इस बात का उन्हें अहसास नहीं था कि वो बेटे को इस तरह छोड़कर चली जायेगी। रात में किसी परिचित ने उन्हें मीडिया में चल रही खबरों की जानकारी दी, तो उन्हें बेटे के थाने में होने का पता चला। पुलिस के मुताबिक बालक की मां जिस प्रेमी के साथ गई है, वो हाल में ही दुष्कर्म के मामले में जेल से छूटकर आया है। इसी महिला ने पहले दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया और बाद में समझौता कर उसे रिहा कराया। अब उसी के साथ वह फरार हो गई है। हालांकि सलमान ने इस मामले में कोई अभियोग दर्ज नहीं कराया है। फिलहाल सलमान का परिवार बेटे को सकुशल पाकर खुश है।

**आवश्यकता है**



एक क्लर्क की, योग्यता हाईस्कूल, मोटरसाईकिल चलाना जानता हो तथा व्हाट्सअप चलाना भी आता हो।

वेतन योग्यतानुसार।

-: तुरन्त सम्पर्क करें :-

M. 9917409999

## जानलेवा हमले में दो युवक गंभीर

**मुजफ्फरनगर, 13 दिसम्बर (बु.)।** अलग-अलग स्थानों पर दो युवकों पर जानलेवा हमला करके उन्हें गम्भीर रूप से घायल कर दिया। घायलों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। मामले की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है।

चरथावल थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में मौहल्ला चौहट्टा निवासी उस्मान पुत्र मुन्फैद ने बताया कि उसका भाई रिजवान अपने खेतों पर जा रहा था। आरोप है कि गांव के ही सुहैल और शफीक आदि ने उसके भाई को रास्ते में रोककर उस पर जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें उसका भाई गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल का अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है। एक अन्य मामले में चरथावल थाना क्षेत्र के गांव बिरालसी निवासी संजीव पुत्र रामफल ने पुलिस में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि गांव के ही अंकुर और रितिक ने अपने चार अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उसके पुत्र धीरज पर जानलेवा हमला करके उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया। घायल का अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है।

## कुत्ते की आवाज निकालता युवक पहुंचा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

**भोपा, 13 दिसम्बर (बु.)।** दिल दहलाने वाली घटना आज सुर्खियों में बनी हुई है। उत्तराखंड के गांव जोग्गा वाला निवासी दम्पती मंगलवार को अपने 18 वर्ष के पुत्र को लेकर भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचा। दम्पती का कहना था कि मंगलवार सुबह सवेरे से उनका बेटा एक अजीबो-गरीब हरकत करने के साथ ही मुंह से कुत्ते के भौंकने जैसी आवाज निकाल रहा है। अचानक वह चारपाई से उठकर जंगल की और दौड़ पड़ा था। दो घंटे की तलाश के बाद दम्पती अपने बेटे को तलाश कर मोरना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गए, वहां से चिकित्सकों ने उसे भोपा सीएचसी भेज दिया। परिजनों ने बताया कि लगभग 2 माह पूर्व उसके बेटे को उस समय कुत्ते ने काट लिया था, जब वह उन्हीं के साथ शुकतीर्थ खादर क्षेत्र में गन्ना छिलने का काम करने गया था। परिजनों को शक है कि उनके बेटे द्वारा जो हरकत की गई है, उसका कारण कुत्ते काटने का भी हो सकता है। इसी को लेकर उन्होंने अपने बेटे को भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सा प्रभारी अधिकारी डॉ. अर्जुन सिंह ने बताया कि युवक को रेबीज का इंजेक्शन लगाया गया है, हालांकि उसमें कुत्ते काटने के बाद होने वाली कोई विशेष हरकत या सिम्टम्स नजर नहीं आ रहे हैं फिर भी युवक को हमने करीब दो घंटे अपनी निगरानी में रखा था, जिसके पश्चात हमने युवक की स्थिति को देखते हुए परिजनों के साथ घर भेज दिया।

# प्रमेश ने बदल दिया शाहपुर का वेश

- हाईटेक निगरानी के साथ सड़कों के निर्माण व तमाम विकास कार्य बने मिसाल
- करोड़ों के विकास से शाहपुर बना ट्रिपल इंजन की सरकार का शानदार नमूना

**सचिन संगल**

मुजफ्फरनगर,13 दिसंबर (बु.)। नगर पंचायत शाहपुर में चेयरमैन के रूप में प्रमेश सैनी के पांच वर्षो के कार्यकाल में करोड़ों की लागत के प्रमुख विकास कार्य कराए गए हैं। इसमें नगर के सौंदर्यकरण और सड़कों के निर्माण से लेकर सफाई आदि के लिए कराए गए कामों से नगर के लोगों ने काफी राहत महसूस की है।

नगर पंचायत शाहपुर में प्रमेश सैनी ने चेयरमैन के रूप में कराए गए कार्यों से नगर का स्वरूप ही बदल गया है। कस्बे में हाईटेक आईपी और नम्बर प्लेट रीडर कैमरों एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम की निगरानी के चलते

शाहपुर
नगर पंचायत चेयरमैन



परमेश सैनी

नगर शाहपुर में असामाजिक तत्वों पर तीसरी आंख की निगरानी से अपराधों पर अंकुश लगा है। उन्होंने अपने कार्यकाल में मुजफ्फरनगर बुढ़ाना रोड पुलिस चौकी के पास चौधरी चरण सिंह मूर्ति स्थापित कर चौराहे का सौन्दर्यकरण कराया गया। कस्बे के मौहल्ला गडरियान में गरीब व्यक्तियों के लिये एक सामुदायिक बारातघर का निर्माण कराया। कस्तूरबा गांधी स्कूल, प्राईमरी पाठशाला न.-1 व प्राईमरी पाठशाला न.-2 तथा कन्या प्राथमिक विद्यालय शाहपुर में टाईल्स के फर्श और शौचालय बनवाये। कस्बे में स्वच्छ जल आपूर्ति के लिए 550 फुट पर छह ट्यूबवैल बोरिंग कराये तथा 05 साल मे 800 से अधिक पानी कनेक्शन दिये। कस्बे में जगह-जगह पानी की पाईपलाईन डलवायी गई। कस्बा शाहपुर के बसी रोड पर मिडिल स्कूल तक सड़क किनारे आरसीसी के नाले बनवाये गए। डपिंग ग्राउण्ड की बाउन्ड्रीवाल और एक एमआरएफ सैन्टर की स्थापना कराई। 100 से ज्यादा सड़कें, नाले व नालियां बनवाई गई। शाहपुर के विभिन्न स्थानों पर डस्टबिन रखवाये एवं 7000 हजार से अधिक सूखा व गीला कूड़ा हेतु घर-घर दो डस्टबिन दिये गये। गलियों मे कूड़ा उठाने हेतु दो ट्रैक्टर, तीन ट्रॉली, एक टाटा मैक्स तथा कस्बे में पानी आपूर्ति हेतु दो पानी टैंकर लिये गये तथा कस्बे में कई जगह सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालय बनाये गये। कस्बे में पथ प्रकाश की व्यवस्था के लिए आधा दर्जन हाईमास्क सहित सैंकड़ों जगह सोलर लाईट व एलईडी लाईट लगाई गई। सभी धर्मों के त्यौहारों एवं राष्ट्रीय पर्वो पर बेहतरीन साफ-सफाई आदि की व्यवस्था की गई। कांवड़ यात्रा में ऐतिहासिक एवं भव्य व्यवस्थाओं के साथ महिला कावड़ियों के लिए अलग से स्नान घर बनवाये गये। कस्बे में पुराने श्मशान घाट मे निर्माण कार्य व सौन्दर्यकरण का कार्य कराये गये और भी कस्बे मे सडकें नाले नालियों आदि सैंकड़ों विकास कार्य जनहित में किये गये है। इसके अलावा कान्हा पशु आश्रय स्थल गौशाला, पिछड़ी व दलित जाति की कन्याओं के विवाह हेतु सामुदायिक बारात घर का निर्माण, अमृत सरोवर तालाब लोगों के घूमने की व्यवस्था, मेन बाजार स्थित प्राचीन कुएं का सौन्दर्यकरण, नगर में विभिन्न स्थानों पर वाटर कूलर की स्थापना, मेन बाजार की सड़क का आरसीसी निर्माण, कई अन्य सड़कों का इन्टर लॉकिंग निर्माण, श्री जहारवीर गोगा जी के माढ़ी स्थित मैदान का सौन्दर्यकरण, नगर के मुख्य चौराहे पर आधुनिक सार्वजनिक शौचालय का निर्माण, पूरे नगर में हाई टेक सीसीटीवी कैमरे स्थापित हुए, मुख्य मार्ग डिवाइडर पर प्रकाश की आकर्षक व्यवस्था, विभिन्न चौराहों, मौहल्लों में सोलर लाईटों की स्थापना, श्री आदर्श रामलीला के मुख्य द्वार के निर्माण में सहयोग किया, जिससे कस्बे की सुन्दरता बढ़ी व ऐतिहासिक कार्य हुआ और नगर के मुख्य चौराहे का सौन्दर्यकरण कराया गया। इससे पांच साल के भीतर कस्बे का नक्शा ही बदला हुआ नजर आने लगा है। इसके साथ ही नगर में केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ.संजीव बालियान और विधायक रहते समय उमेश मलिक के सहयोग से मुजफ्फरनगर बड़ौत मार्ग के निर्माण से कस्बे के लोगों को आवागमन की शानदार सुविधाएं भाजपा की ट्रिपल इंजन व्यवस्था की बड़ी उपलब्धियों में शामिल है।

## बंदरों के हमले में दो घायल, एक की हालत गम्भीर

**मीरापुर, 13 दिसम्बर (बु.)।** कस्बे में बंदरों के झुंड ने एक महिला व एक युवक पर हमला कर दोनों को घायल कर दिया। हमले में घायल युवक के कूल्हे की हड्डी टूटने से युवक की हालत चिंताजनक बनी हुई है। परिजनों ने घायलों को चिकित्सक के यहां उपचार दिलाया। बंदरों के आतंक के चलते नागरिकों में भारी रोष है।

मीरापुर में शर्मा धर्मकांटे के निकट रहने वाली विवाहिता काजल पत्नि नीरज दोपहर के समय मकान की छत पर काम कर रही थी। अचानक से यहां पर बंदरों का झुंड आ गया। काजल बंदरों को देखकर नीचे जा रही थी कि तभी बंदरों ने उस पर हमला कर दिया। वहीं कस्बे के मोहल्ला सराय गेट निवासी नीरज गंगपुरी पुत्र त्रिलोकचंद भी दोपहर में मकान की छत पर बैठा हुआ था, तभी इस दौरान बंदरों ने उस पर हमला कर दिया तथा वह नीचे जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों के अनुसार छत नीचे गिरने के कारण नीरज के कुल्हे की हड्डी टूट गई, जिस कारण उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। नागरिकों का आरोप है कि कस्बे में बंदरों का आतंक व्याप्त है। बंदर खूंखार हो चुके हैं तथा एक दर्जन से अधिक नागरिकों व बच्चों पर हमला कर उन्हें घायल कर चुके हैं। आरोप है कि नगर पंचायत बोर्ड से वह कई बार बंदरों को पकड़वाने की गुहार लगा चुके हैं, किंतु बोर्ड नागरिकों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहा हैं। नागरिक रजनीश गंगपुरी, ब्रजपाल सिंह, वीरसिंह, नरेश कौशिक, डॉ. नीरज गोस्वामी, पं. कीर्तिभूषण शर्मा, शिवकुमार शर्मा, वासु कौशिक, सोहनवीर कश्यप, लच्छी सिंह, जुबैर अहमद आदि ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर बंदरों को पकड़वाने की गुहार लगाई है।

